सहज®

वित्तीय वर्ष
2022-23

# नौवीं वार्षिक रिपोर्ट एवं वित्तीय विवरण



सहज मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड


+F
FORTIFIED
Saahaj®
Vitamin-A
Prevents Night Blindness
Vitamin-D
Supports Strong Bones
किसानो की अपनी कम्पनी
स्वाद व शुद्धता की
23 क्वालिटी टेस्ट द्वारा पास
नई वैरायटी
आपके बेहतर स्वास्थ्य के लिए
Saahaj
GOLD
Saahaj
CHAI SPECIAL
Saahaj
SHAKTI
Saahaj
TAAZA
उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी मिल्क प्राइयूसर कम्पनी
क्रॉस रोड मॉल, 2nd फ्लोर, प्लाट नं. 5-6, सेक्टर-13,
आवास विकास कॉलोनी, सिकन्दरा योजना,
सिकन्दरा-बोदला रोड, आगरा-282007 (उ0प्र0)
टोल फ्री नंबर- 18002740077
www.saahajmilk.com
दुग्ध उत्पादकों की अपनी कम्पनी

## निदेशक मण्डल

| | |
|---|---|
| श्री रजनीश कुमार (डी.आई.एन. 07894245) | अध्यक्ष एवं निदेशक |
| श्री शिव प्रताप (डी.आई.एन. 07894230) | निदेशक |
| श्री उपेन्द्र सिंह (डी.आई.एन. 08198050) | निदेशक |
| श्री शिव कुमार शर्मा (डी.आई.एन. 08526410) | निदेशक |
| श्री योगेश कुमार जादौन (डी.आई.एन. 08526498) | निदेशक |
| श्री अनरूद्ध कुमार (डी.आई.एन. 08865032) | निदेशक |
| श्रीमती सपना (डी.आई.एन. 08865085) | निदेशक |
| श्रीमती प्रेमलता (डी.आई.एन. 08867165) | निदेशक |
| श्री सुशील कुमार (डी.आई.एन. 09300081) | निदेशक |
| श्री मानिक चन्द्र (डी.आई.एन. 09679787) | निदेशक |
| श्री राहुल कुमार (डी.आई.एन. 09680147) | निदेशक |
| श्री सौगता मित्रा (डी.आई.एन. 00541858) | विशेषज्ञ निदेशक |
| डॉ. संजय कुमार गोवानी (डी.आई.एन. 08814861) | विशेषज्ञ निदेशक |
| श्री बसन्ता चौधरी (डी.आई.एन. 08277954) | निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी |

### कंपनी सचिव

श्री वरूण वर्मा

### वैधानिक अंकेक्षक

मैसर्स एस.बी.बिल्लीमोरिया एण्ड कंपनी
चार्टर्ड एकाउन्टेंट्स
गुरुग्राम, हरियाणा

### बैंकर्स

एच.डी.एफ.सी. बैंक, अलीगढ़
स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया, आगरा
आई.सी.आई.सी.आई. बैंक, आगरा
ऐक्सिस बैंक, आगरा
एच.डी.एफ.सी. बैंक, आगरा
पंजाब नेशनल बैंक, आगरा

### पंजीकृत कार्यालय

सहज मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड
(सी.आई.एन. : U01403UP2014PTC066595)
क्रॉस रोड्स मॉल, द्वितीय तल, प्लाट नं. 5 एवं 6, सेक्टर–13,
आवास विकास कॉलोनी, सिकन्दरा योजना, सिकन्दरा बोदला रोड,
आगरा–282007, उत्तर प्रदेश, भारत
दूरभाष नं. +91–0562–6623300
E-mail : info@saahajmilk.com
Website : www.saahajmilk.com

### आंतरिक अंकेक्षक

अर्न्स्ट एण्ड यंग एलएलपी
चार्टर्ड एकाउन्टेंट्स
गुरुग्राम, हरियाणा

### रजिस्ट्रार एवं ट्रांसफर एजेन्ट्स

बीटल फाइनेन्शियल एण्ड कम्प्यूटर सर्विसेज प्रा. लि.
बीटल हाउस, तृतीय तल
99, मदनगीर, एलएससी के पीछे, नई दिल्ली–110062

### अनुक्रमणिका


| क्र.सं. | विवरण | पृष्ठ सं. |
|---|---|---|
| 1. | अध्यक्ष सन्देश | 3 |
| 2. | निदेशकों की रिपोर्ट | 4–30 |
| 3. | स्वतन्त्र अंकेक्षकों की रिपोर्ट | 31–45 |
| 4. | वित्तीय विवरण 01 अप्रैल, 2022 से 31 मार्च, 2023 तक | 46–72 |
| | (अ) आर्थिक चिट्ठा | 46 |
| | (ब) लाभ–हानि विवरण | 47 |
| | (स) रोकड़ प्रवाह विवरण | 48 |
| | (द) नोट्स जो की वित्तीय विवरण का हिस्सा है | 49–72 |
| | संलग्नक : दसवीं वार्षिक आम सभा का सूचना पत्र एवं सम्बन्धित अनुलग्नक | 73–92 |

# सहज मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड

## कम्पनी के मूल्य, ध्येय एवं दीर्घदृष्टि

### मूल्य

★ ईमानदारी

★ दूरदर्शिता

★ गुणवत्ता

★ पारदर्शिता

★ टीम-भावना

★ साहस और जुनून

★ जागरूकता और जिम्मेदारियाँ सभी स्तर पर

★ समय तत्परता

### ध्येय

सहज दुग्ध उत्पादक संस्था अपने सदस्यों के दूध की प्रतिस्पर्धात्मक कीमत देते हुए और दूध उत्पादन बढ़ाने तथा लागत खर्च कम करने के लिए आवश्यक सेवाएँ प्रदान करते हुए उनके दूध व्यवसाय से अर्जित लाभ को बढ़ाने के लिए कृत संकल्प है।

### दीर्घ दृष्टि

सहज दुग्ध उत्पादक संस्था दूध व्यवसाय के क्षेत्र में देश की अग्रणी कम्पनी होगी तथा दूध उत्पादकों, उपभोक्ताओं और कर्मचारियों की पहली पसंद होगी।

(नोट : हिन्दी भाषा में अनुवादित दस्तावेजों में किसी भी अस्पष्टता पाये जाने पर अंग्रेजी भाषा में लिखित दस्तावेज ही अन्तिम रूप से मान्य होंगे)

# अध्यक्ष संदेश

प्रिय अंशधारकों,

इस संचार के माध्यम से हमें हमारी कम्पनी के नौवें वित्तीय वर्ष 2022–23 के प्रदर्शन के बारे में सूचित करते हुए बेहद खुशी हो रही है।

तमाम रूकावटों के चलते हमारी टीम के सदस्यों और हितधारकों की मजबूत प्रतिबद्धता के कारण कंपनी ने रू. 819.57 करोड़ का कारोबार हासिल किया। दुर्भाग्य से, दूध की कम मात्रा, मौसमी संबंधी कारकों, गांठदार त्वचा रोग आदि के कारण, कंपनी को वित्तीय वर्ष 2022–2023 में रू. (4.01) करोड़ का नुकसान हुआ है।

आपके निदेशक उन सदस्यों को लाभांश की अनुशंसा करते हुए प्रसन्न हैं, जिसके नाम 31 मार्च, 2023 को कंपनी के सदस्यों के रजिस्टर में दर्ज है।

कंपनी ने अपने सक्रिय उत्पादक सदस्यों को रू. 1.42 करोड़ का लॉयल्टी प्रोत्साहन दिया है, जिन्होंने निर्धारित मानदंडों के अनुसार सदस्यता की सभी शर्तें पूरी की हैं। कंपनी ने किसानों को कंपनी का उत्पादक सदस्य बनाकर उन्हें प्रेरित करने का काम किया है। इसके अलावा, बड़ी संख्या में छोटे डेयरी किसानों को स्थायी आजीविका उपलब्ध कराने के लिए शिक्षित और प्रशिक्षित किया गया।

इसके अलावा, कंपनी के ''सहज सुदाना'' ब्रांड नाम के तहत पशु आहार और ''सहज मिन'' ब्रांड नाम के तहत क्षेत्र विशिष्ट खनिज मिश्रण को इसके परिचालन क्षेत्र से योग्य प्रतिक्रिया मिली और कंपनी ने पशु आहार और खनिज मिश्रण के लिए क्रमशः 7,638 मीट्रिक टन और 44 मीट्रिक टन की बिक्री दर्ज की है। कंपनी ने वर्ष के दौरान 36 मीट्रिक टन चारा बीजों की बिक्री भी दर्ज की। इससे दूध उत्पादकों और किसानों के दुधारू पशुओं की उत्पादकता में सुधार करने में मदद मिली है।

कंपनी ने 95,945 की सदस्यता हासिल की है, जिसमें महिला सदस्यता की भागीदारी 51,807 थी, जो लगभग 54% है क्योंकि हमारा मानना है कि ''महिलाएं हर घर की रीढ़ हैं और अगर उन्हें खुद को साबित करने का मौका मिलता है तो हमेशा आश्चर्यजनक परिणाम मिलते हैं।''

कंपनी के दूध और दूध उत्पाद धीरे–धीरे परिचालन क्षेत्र में लोकप्रिय हो रहे हैं। जैसे ही हम एक नए वित्तीय वर्ष में प्रवेश कर रहे हैं, हमारा लक्ष्य बिक्री और विपणन संरचना को मजबूत करना और अपने बिक्री और वितरण नेटवर्क के संदर्भ में अपनी पहुंच का विस्तार करना है। कंपनी पॉली पाउच दूध, बटर मिल्क, दही और घी की अपनी मजबूत उत्पाद श्रृंखला के साथ अपने परिचालन क्षेत्र में लोकप्रिय ब्रांडों में से एक बनने की राह पर है। बाजार पर कब्जा जमाने के दृढ़ संकल्प के साथ कंपनी अपने ग्राहकों को किफायती मूल्य पर बेहतर गुणवत्ता वाले उत्पाद उपलब्ध कराने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

वर्ष के दौरान, कंपनी ने 38,586 लीटर/दिन की पीपीएम की बिक्री, 2,201 लीटर/दिन छाछ की और 4,432 किलोग्राम/दिन दही की बिक्री की है और 970 मीट्रिक टन घी बेचा है।

एक बार फिर मैं, आपका कंपनी पर विश्वास और आपके निरंतर समर्थन के लिए आपको धन्यवाद देता हूँ।

हम सदैव आपके बहुमूल्य सुझावों और मार्गदर्शन के लिए तत्पर हैं।

**आपका विश्वसनीय**
**ह./–**
**रजनीश कुमार**
**अध्यक्ष एवं निदेशक**
**डी.आई.एन. : 07894245**

# सहज मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड

## निदेशकों की नौवीं रिपोर्ट

निदेशकों को आपके समक्ष 31 मार्च, 2023 तक अंकेक्षित विवरण के साथ कंपनी के संचालन सम्बन्धी नौवीं वार्षिक रिपोर्ट पेश करते हुए अत्यन्त प्रसन्नता हो रही है।

**वित्तीय प्रदर्शन :**

संक्षिप्त वित्तीय परिणाम निम्नानुसार है :

रू. करोड़ में

| विवरण | 31.03.2023 | 31.03.2022 |
|---|---|---|
| कुल आय | 819.57 | 834.18 |
| खर्च सहित कुल लागत | 823.81 | 822.82 |
| कर से पूर्व लाभ/हानि | (4.24) | 11.37 |
| कर व्यय | | |
| (1) वर्तमान कर | – | 3.30 |
| (2) पिछले वर्ष का अतिरिक्त कर प्रावधान | (0.11) | – |
| (3) स्थगित कर | (0.12) | (0.28) |
| कुल कर खर्च | (0.23) | 3.02 |
| लाभ / (हानि) कर के बाद | (4.01) | 8.35 |

हमें यह सूचित करते हुए बहुत खुशी हो रही है कि वित्तीय वर्ष के दौरान कंपनी ने रू. 814.36 करोड़ के कारोबार के लक्ष्य को प्राप्त किया है।

वित्तीय वर्ष 2022–23 में कंपनी का कुल राजस्व रू. 819.57 करोड़ दर्ज हुआ है तथा पिछले वित्तीय वर्ष में कुल राजस्व रू. 834.18 करोड़ दर्ज हुआ है था। पिछले वर्ष व्यय सहित कुल लागत रू. 822.82 करोड़ थी तथा इस वर्ष व्यय सहित कुल लागत रू. 823.81 करोड़ है। इसके परिणामस्वरूप कर पूर्व लाभ / (हानि) पीबीटी रू. (4.24) करोड़ हुआ है और कर पश्चात लाभ (हानि) पैट रू. (4.01) करोड़ का हुआ है। अंश जिसका अंकित मूल्य रू. 100 है, उसकी प्रति अंश आय रू. (14.93/–) है जो कि कुल पूँजी रू. 28.56 करोड़ लाख के आधार पर है।

**सीमित लाभांश (डिविडेंड) :**

कंपनी के पास सदस्यों को अंश पूँजी पर लाभांश की घोषणा का एक सुसंगत ट्रैक रिकार्ड है। आपकी कंपनी के निदेशकों ने वित्तीय वर्ष 2022–23 की हानि को देखते हुये रू. 6.01 करोड़ मुक्त संचय से अवशेषित किया तथा 18 अगस्त, 2023 को आयोजित बोर्ड बैठक में रू. 28.56 करोड़ की अंश पूँजी पर रू. 7 प्रति अंश, कुल रू. 2 करोड़ के लाभांश का सुझाव दिया गया। दसवीं वार्षिक आम बैठक में सदस्यों के अनुमोदन के अधीन, उन सदस्यों को लाभांश का भुगतान किया जाएगा जिनके नाम 31.03.2023 को सदस्यों के रजिस्टर में दर्ज हैं।

## सामान्य संचय में हस्तांतरण :

आपकी कंपनी के निदेशक वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए घाटे (हानि) के कारण किसी भी राशि को सामान्य संचय में हस्तांतरित करने का प्रस्ताव नहीं रखते है।

## दृष्टिकोण

वर्ष 2022–23, दुग्ध व्यवसाय के लिए बड़ा ही अप्रत्याशित था। महामारी के बाद हमारे देश की अर्थव्यवस्था धीरे–धीरे ठीक हो रही और डेयरी क्षेत्र में भी कुछ सकारात्मक वृद्धि देखी गई, हालांकि मवेशियों के बीच एल.एस.डी. (लम्पी त्वचा रोग) नामक वायरस के प्रकोप के रूप में वृद्धि को झटका लगा। इस वायरस ने भारत के उत्तरी राज्यों में कहर बरपाया, जिससे मुख्य रूप से राजस्थान और उत्तर प्रदेश प्रभावित हुए, जिसके परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में गायों की मृत्यु हुई।

यद्यपि वित्तीय वर्ष 2022–23 की पहली तिमाही में दूध और दूध उत्पादों की माँग बढ़ने लगी, व दूध उत्पादन कम होने के कारण दूध की कमी भी परिलक्षित हुई। हालाँकि भारत सरकार के प्रयासों और राज्य सरकार द्वारा उठाए गए विभिन्न उपायों के कारण स्थिति नियंत्रण से बाहर नहीं हुई और वर्ष के आखरी महीनों में धीरे–धीरे सुधार होने लगा।

इस वर्ष भी उत्तर प्रदेश में सितंबर और अक्टूबर के महीने में भारी वर्षा हुई, जिसके कारण हरे चारे का उत्पादन कम हुआ, जिससे दूध उत्पाद की लागत बढ़ गई। किसानों को अधिक लागत पर चारे की व्यवस्था करनी पड़ी जिसके कारण कई मामलों में अल्पपोषण की स्थिति उत्पन्न हुई।

उपरोक्त कारकों ने दूध उत्पादन को प्रमुख रूप से प्रभावित किया, जिसके परिणामस्वरूप कम दूध उपार्जन के कारण कंपनी की परिचालन लागत पर असर पड़ा। तमाम चुनौतियों के बावजूद कंपनी अपने सदस्यों को कठिन परिस्थिति से बाहर निकालने में मदद करने की दिशा में काम करती रही। कंपनी ने अपने सदस्यों को लाभकारी दरों की पेशकश जारी रखी और पशु ऋण के वितरण के लिए अपने सदस्यों

को एचडीएफसी बैंक के साथ जोड़ा। बैंक द्वारा वित्तीय वर्ष 2022–23 में पशु क्रय हेतु 22 करोड़ रूपये कुल राशि वितरित की गयी।

खराब वित्तीय स्थिति के बावजूद संस्था ने अपने सदस्यों को रू. 1.42 करोड़ सीधे बैंक खातों में प्रोत्साहन राशि देकर प्रोत्साहित करना जारी रखा। कंपनी अपनी उत्पादकता वृद्धि सेवाओं को मजबूत करने के लिए लगातार कड़ी मेहनत कर रही है जिसके तहत वह अपने सदस्यों के दरवाजे पर गुणवत्तापूर्ण एआई सेवाएं, पशु चारा, चिलेटेड क्षेत्र विशिष्ट खनिज मिश्रण और चारा बीज प्रदान कर रही हैं।

कंपनी अपनी बिक्री और विपणन सेवाओं को मजबूत करने के लिए भी कड़ी मेहनत कर रही है और संस्था की छवि निर्माण हेतु सतत प्रयासरत है।

## संचालन अवलोकन

### दूध की खरीद

संस्था की दूध खरीद गतिविधियाँ पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 10 जिलों में फैली हुई हैं। कंपनी ने 15 दुग्ध अवशीतन केन्द्र, 371 बीएमसी और 3,100 सक्रिय मिल्क पूलिंग पॉइंट्स का एक मजबूत मिल्क चिलिंग नेटवर्क स्थापित किया है, जिसने अपने पंजीकृत सदस्यों से औसतन 418 टीकेजीपीडी दूध खरीदने और एमडीएफवीपीएल और तीसरे पक्ष के संयंत्र को आगे की प्रक्रिया अर्थात ''सहज'' ब्रांड में पीपीएम पैकिंग के लिए भेजने में मदद की है।

दूध उपार्जन के लिए वित्त वर्ष 2022–23 की शुरूआती तीन तिमाहियां बहुत चुनौतीपूर्ण थीं क्योंकि सीज़न में मवेशियों में लम्पी त्वचा रोग और उच्च चारा लागत ने पशु पालन को प्रभावित किया, जिसने कंपनी की दूध उपार्जन मात्रा पर गहरा प्रभाव डाला। उपरोक्त कारकों के कारण लगभग हर दो–तीन महीने में उत्पादक कीमतों में बढ़ोतरी हुई। दूध उपार्जन टीम ने हमेशा एक स्थिर दृष्टिकोण बनाए रखा और प्रभावी मूल्य निर्धारण तंत्र के साथ कंपनी प्रतिस्पर्धा का मुकाबला करने में सक्षम रही और पूरे वर्ष प्रतिस्पर्धी बनी रही। इसके अलावा टीम ने बंद एमपीपी को पुनर्जीवित करने, नई सदस्यता और गैर–सदस्यों के साथ घर–घर संपर्क स्थापित करने के लिए हर संभव प्रयास किए।

महंगे चारे की चुनौती से निपटने के लिए, संस्था ने ब्रांडेड कंपनियों से अच्छी गुणवत्ता वाले चारे के बीज प्राप्त करने और उसे अपने पंजीकृत सदस्यों को किफायती मूल्य पर बेचने की पहल की। गुणवत्ता वितरित बीजों से चारे का उत्पादन अधिक हुआ जिससे कुल मिलाकर उत्पादन लागत में कमी लाने में मदद मिली। संस्था की दूध खरीद टीम ने विभिन्न लागत बचत उपाय करने की पहल की। प्रमुख प्रयासों

में से एक मिल्क वैन की लागत को कम करना था, जिसमें मार्ग अनुकूलन सॉफ्टवेयर की मदद से 2,052 किमी/दिन की कमी हुई, जिसका अर्थ है एक साल में लगभग रू. 66 लाख परिवहन लागत में कमी आएगी।

## भविष्य का लक्ष्य

वित्त वर्ष 2022–23 में आने वाली चुनौतियों से पार पाने के लिए नए जोश और उत्साह के साथ, संस्था ने अपनी दूध उर्पाजन बढ़ाने की परिकल्पना की है और अपने पंजीकृत सदस्यों से 5.35 लाख किलोग्राम प्रतिदिन की दैनिक औसत दूध खरीद का लक्ष्य रखा है। कंपनी अपनी दूध उपार्जन मूल्य श्रृंखला को मजबूत करने के लिए (भारत सरकार के राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम (एनपीडीडी) – 'सहकारिता के माध्यम से डेयरी (जेआईसीए सहायता प्राप्त परियोजना) के तहत मौजूदा क्षेत्र में नए 700 गांवों को जोड़ने की योजना बना रही है। सहज जैसी पारदर्शी और कुशल संस्था के दायरे में लाकर अधिक उत्पादकों को लाभ पहुंचाया जा सकता है।

## कृत्रिम गर्भाधान

सहज में कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम राष्ट्रीय डेयरी योजना I और II के दौरान विश्व बैंक और एनडीडीबी द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त कार्यक्रमों में से एक है। कंपनी एनडीडीबी–डीएम द्वारा प्रबंधित अत्याधुनिक वीर्य स्टेशन अर्थात् ''सुपीरियर एनिमल जेनेटिक्स'' से ही उच्च गुणवत्ता वाले वीर्य की खरीद सुनिशिचत करती है और अपने पेशेवर और प्रशिक्षित कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ताओं (एमएआईटी) के माध्यम से उत्पादक किसानों के घर पर उपलब्ध कराती है।

कंपनी की गुणवत्तापूर्ण सोर्सिंग और मानक संचालित दृष्टिकोण सुनिश्चित करने के कारण सहज के माध्यम से कृत्रिम गर्भधान की मांग साल दर साल बढ़ रही है। कंपनी एक मजबूत कोल्ड चेन के अन्तर्गत वीर्य का वितरण सुनिश्चित करती है जो शुक्राणु की गतिशीलता बनाये रखती है जिससे गर्भधारण की दर बढ़ जाती है। यहाँ यह उल्लेख करना स्पष्ट होगा कि एसएमपीसीएल में गर्भधारण दर लगभग 45 प्रतिशत है जो राष्ट्रीय औसत से काफी ऊपर है।

वर्ष के दौरान कंपनी ने 5,485 गांवों में अपनी कृत्रिम गर्भाधान सेवाएं प्रदान की और अपने कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ताओं के माध्यम से 5.48 लाख एआई की।

एसएमपीसीएल ने एनडीडीबी द्वारा शुरू किए गए थनैला नियंत्रण कार्यक्रम (एमसीपीपी) को सफलतापूर्वक लागू किया है। यह कार्यक्रम थनैला सहित गोवंश में अन्य सामान्य बीमारियों के इलाज के दौरान लागत प्रभावी दृष्टिकोण अपनाने पर केंद्रित है। एथनो वेटरनरी मेडिसिन (ईवीएम) के नाम से

मशहूर यह कार्यक्रम विभिन्न पशु रोगों के इलाज के लिए कम लागत वाला समाधान है। यह दूध में प्रतिजैविक अवशेषों को कम करने में भी मदद करता है क्योंकि इसमें महंगी प्रतिजैविक दवाओं के उपयोग की आवश्यकता नहीं होती है।

वर्ष के दौरान एमसीपीपी के तहत 798 पशुओं का थनैला और 1,155 पशुओं का अन्य बीमारियों के लिए इलाज किया गया, जिनमें ठीक होने की दर क्रमशः 80% और 76% थी।

वित्त वर्ष 2023–24 में आगे बढ़ते हुए कंपनी का लक्ष्य 5.86 लाख कृत्रिम गर्भाधान करना और ईवीएम कार्यक्रम के कवरेज को बढ़ाना है।

## आहार संतुलन कार्यक्रम

सहज में आहार संतुलन कार्यक्रम एक स्थापित कार्यक्रम रहा है क्योंकि कंपनी द्वारा अपने सदस्य किसानों के दरवाजे पर सर्वोत्तम गुणवत्ता वाला पशु आहार और खनिज मिश्रण उपलब्ध कराने के निरंतर प्रयास के कारण कार्यक्रम ने अब अपनी जड़ें मजबूत कर ली हैं।

यहां यह उल्लेख करना स्पष्ट होगा कि पोषण संबंधी सैकड़ों बीमारियाँ हैं जो पशुओं को प्रभावित करती हैं। इनमें से अधिकतर बीमारियाँ या तो कुपोषण या खनिज आर विटामिन की कमी के कारण होती हैं। कमी और कुपोषण जानवरों की वृद्धि, विकास और उत्पादन को गंभीर रूप से प्रभावित करते हैं और कुछ चरम मामलों में यह अपरिवर्तनीय स्वास्थ्य स्थितियों, विकारों या यहां तक कि मृत्यु का कारण बन सकते हैं। इसके अलावा पशुओं में कम खुराक देने से प्रजनन अंग अल्प विकसित/अविकसित हो जाते है, रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है और दो ब्यॉंत के बीच की अवधि बढ़ जाती है, जिससे पशु की समग्र उत्पादकता प्रभावित होती है।

सहज के परिचालन क्षेत्र में अधिकांश किसान पुरानी भोजन पद्धतियों का सहारा लेते हैं और उन्हें सहज के पशु आहार और खनिज मिश्रण का उपयोग करने के लिए शिक्षित करने की बहुत बड़ी गुँजाईश है जिससे वे अपने डेयरी व्यवसाय से अधिकतम लाभ प्राप्त कर सकें। उपरोक्त तथ्यों को ध्यान में रखते हुए सहज ने बीआईएस मानक के अनुसार बेहतर गुणवत्ता वाले पशु आहार जैसे ''सहज सुदाना'',''सहज सुदाना गोल्ड'' और क्षेत्र विशिष्ट खनिज मिश्रण ''सहज मिन'' पेश किया और इसे अपने सदस्यों से अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। वर्ष के दौरान कंपनी ने 7,638 मीट्रिक टन पशु आहार, 44 मीट्रिक टन खनिज मिश्रण और 36 मीट्रिक टन चारा बीज की बिक्री हासिल की।

वित्त वर्ष 2023–24 में आगे बढ़ते हुए कंपनी ने 11,360 मीट्रिक टन पशु आहार, 54 मीट्रिक टन क्षेत्र विशिष्ट खनिज मिश्रण और 50 मीट्रिक टन चारा बीज बेचने का लक्ष्य रखा है। इसके अलावा, कंपनी ने

किसानों के दरवाजे तक खनिज मिश्रण की पहुंच सुनिश्चत करने के लिए, पशु आहार के प्रत्येक बैग में खनिज मिश्रण का 1 किलो का पैकेट रख दिया है जो समग्र रूप से बेहतर पशु स्वास्थ्य सुनिश्चत करने, प्रजनन संबंधी समस्याओं में कमी और दूध की गुणवत्ता में सुधार करेगा।

## बिक्री एवं विपणन

कंपनी वर्ष 2016 से अपना दूध ''सहज'' ब्रांड नाम के तहत पॉली पैक में बेचती है। प्रतिस्पर्धी दरों पर सर्वोत्तम गुणवत्ता वाले दूध और दूध उत्पाद उपलब्ध कराने के अपने ईमानदार प्रयासों के कारण यह ब्रांड अब एक जाना माना नाम है। कंपनी सीधे किसान सदस्यों से ताजा दूध खरीद रही है और फिर उद्योग की सर्वोत्तम प्रथाओं को बनाए रखते हुए इसे संसाधित और स्वच्छ परिस्थितियों में पैक किया जाता है। फिर दूध और दूध उत्पादों को रेफ्रिजरेटेड और इंसुलेटेड वैन में भेजा जाता है जो उत्पादों की ताजगी और शेल्फ जीवन को बनाए रखने में मदद करती हैं।

कंपनी की बिक्री और विपणन टीम विभिन्न उपभोक्ता समूहों को संबोधित करते हुए विभिन्न प्रकार की विपणन और प्रचार गतिविधियों में संलग्न है।

''सहज'' ब्रांड वर्तमान में सामान्य व्यापार में एक लोकप्रिय नाम है और साथ ही यह अपने उपभोक्ताओं के बीच भी प्रसिद्ध होता जा रहा है। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, कंपनी ने उपभोक्ताओं की विभिन्न आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विभिन्न SKU में विभिन्न उत्पादों को प्रभावी ढंग से लॉन्च किया है। कंपनी ने विभिन्न एटीएल (लाइन के ऊपर) और बीटीएल (लाइन के नीचे) अभ्यासों के माध्यमों जैसे पेपर विज्ञापन, वॉल पेंटिंग, ऑटो बैक बैनर, रिटेलर नॉन–लिट साइनेज बोर्ड, बैनर और पोस्टर आदि से ब्रांड उन्नति में प्रचुर मात्रा में योगदान दिया है। कंपनी ने इसे और अधिक आकर्षक बनाने के लिए अपने दूध और दूध उत्पादों की पैकेजिंग को नया रूप दिया है।

कंपनी की बिक्री सामग्री जैसे बैनर, पैम्पलेट आदि के लिए विभिन्न डिज़ाइन विकसित किए हैं और सहज ब्रांड के लिए जागरूकता पैदा करने के लिए बाजार में स्थापित करना शुरू कर दिया है। कंपनी ने कैनोपी भी विकसित की थी और ब्रांड जागरूकता के हिस्से के रूप में विभिन्न बाजारों में घर–घर और अन्य अभियानों का संचालन करते समय इसका उपयोग किया था।

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, कंपनी के केंद्रित प्रयासों से उसकी सभी श्रेणियों में बड़े पैमाने पर दूध और दूध उत्पादों की बिक्री हासिल करने में मदद मिली और नीचे दी गई तालिका हर श्रेणी के तहत बिक्री उपलब्धि बताती है :

| खंड | इकाई | बिक्री |
|---|---|---|
| पीपीएम | एलपीडी | 38586 |
| छाछ | एलपीडी | 2201 |
| दही | किलोग्राम प्रतिदिन | 4432 |
| घी | किलोग्राम प्रतिदिन | 970 |

आगे चलकर कंपनी विभिन्न शहरी क्षेत्रों/डोमेन में अपना दायरा बढ़ाने का इरादा रखती है। कंपनी मार्केट से शुरू होने वाले डोर टू डोर सर्वे और खुले दूध (प्रसंस्कृत) की बिक्री जैसी उन्नत विज्ञापन विधियों को शुरू करके अपने उत्पादों को बढ़ावा देने की योजना बना रही है।

कंपनी अपने उपभोक्ताओं को, अपने किसान सदस्यों से प्राप्त सर्वोत्तम गुणवत्ता वाले दूध से तैयार उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद प्रदान कर रही है। सहज दूध और दूध उत्पादों का विवरण और मुख्य विशेषताऐं नीचे दी गई हैं।

| प्रकार | वर्ग | संरचना (प्रतिशत) (न्यूनतम) | विभिन्न श्रेणियाँ |
|---|---|---|---|
| गोल्ड | फुल क्रीम मिल्क | 6% वसा/9% वसा रहित ठोस | 225 मि.ली., 1 ली. तथा 6 ली. |
| फैमिली | स्टैंडर्डाइज्ड मिल्क | 4.5% वसा/8.8% वसा रहित ठोस | 500 मि.ली. |
| ताज़ा | टोंड मिल्क | 3% वसा/8.5% वसा रहित ठोस | 180 मि.ली., 500 मि.ली., 1 ली. तथा 6 ली. |
| फिट एन फाइन | होमोजिनाईज्ड डबल टोंड मिल्क | 1.5% वसा/9% वसा रहित ठोस | 180 मि.ली., 500 मि.ली., तथा 1 ली. |
| चाय स्पेशल | होमोजिनाईज्ड डबल टोंड मिल्क | 1.5% वसा/9% वसा रहित ठोस | 180 मि.ली., 500 मि.ली., तथा 1 ली. |
| स्लिम एण्ड स्मार्ट | स्किम्ड मिल्क | 0.5% वसा (अधिकतम)/ 8.8% वसा रहित ठोस | 200 मि.ली., 500 मि.ली., तथा 1 ली. |
| बटर मिल्क | प्लेन बटर मिल्क | 1% वसा / 4.5% वसा रहित ठोस | 300 मि.ली., 1 ली. |
| | स्पाइस्ड बटर मिल्क | 1% वसा / 4.5% वसा रहित ठोस | 250 मि.ली. तथा 300 मि.ली. |

| | | | |
|---|---|---|---|
| क्लासिक दही | टोंड मिल्क दही | 3% वसा / 10.80% वसा रहित ठोस | 200 ग्राम तथा 400 ग्राम (पॉलीपैक) 90 ग्राम, 180 ग्राम तथा 360 ग्राम (कप) 5 कि.ग्रा. तथा 15 कि.ग्रा. (मटकी) |
| फ्रेश दही | डबल टोंड दही | 1.5% वसा / 10.80% वसा रहित ठोस | 200 ग्राम तथा 400 ग्राम (पॉलीपैक) 90 ग्राम, 180 ग्राम तथा 360 ग्राम (कप) 5 कि.ग्रा. तथा 15 कि.ग्रा. (मटकी) |
| लाइट दही | स्किम्ड मिल्क दही | 0.5% वसा / 11% वसा रहित ठोस | 160 ग्राम तथा 400 ग्राम (पॉलीपैक) 5 कि.ग्रा. तथा 15 कि.ग्रा. (मटकी) |
| घी | घी | 99.5% वसा | 1 ली. तथा 15 कि.ग्रा (टीन) |

**उत्पादक संस्थान निर्माण :**

कंपनी अपने सदस्यों से संबंधित विभिन्न गतिविधियों के बारे में जागरूकता कार्यक्रमों के रूप में जानकारी वितरित करने के अलावा सदस्यों को उनकी भूमिकाओं और जिम्मेदारियों के बारे में शिक्षित करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

कंपनी ने अधिकतम संख्या में दूध उत्पादकों को कंपनी के सदस्यों के रूप में पंजीकृत करके आवृत्त क्षेत्र बढ़ाने के अपने प्रयासों को जारी रखा।पीआईबी ने पूरे वर्ष कंपनी की सदस्यता नामांकन गतिविधियों का कार्यान्वयन सुनिश्चत किया। वित्त वर्ष 2022–23 के अंत में, कंपनी ने सदस्यता में अधिकतम महिला सदस्यों की भागीदारी दर्ज की है, जिसके परिणामस्वरूप 11,202 महिला सदस्यों का नामांकन हुआ, जो वर्ष के दौरान नामांकित कुल 21,720 सदस्यता का 52% है।

परिणामस्वरूप, वित्त वर्ष 2022–23 के अंत में, कंपनी में कुल 94,945 पंजीकृत सदस्य रहे है।

कंपनी ने 2,963 एमपीपी में ग्राम स्तर पर 9,972 सदस्यों को ग्राम संपर्क समूह (वीसीजी) के रूप में और 2,698 सदस्यों को दुग्ध मार्ग स्तर पर सदस्य संबंध समूह (एमआरजी) के रूप में चयन कर कंपनी और सदस्यों के बीच एक मजबूत संवाद प्रणाली का गठन किया है।

वर्ष के दौरान कंपनी ने 20 एमआरजी सदस्यों को 'नेतृत्व विकास कार्यक्रम' के तहत प्रशिक्षित किया है ताकि उन्हें कंपनी के सदस्यों की भूमिकाओं और जिम्मेदारियों के बारे में जागरूकता प्रदान कर अन्य सदस्यों को उनकी जिम्मेदारियों के बारे में प्रोत्साहित किया जा सके।

**<u>गुणवत्ता आश्वासन</u>**

कंपनी ने संपूर्ण आपूर्ति श्रृंखला में गुणवत्ता आश्वासन और नियंत्रण में सर्वोत्तम प्रथाओं का आयोजन किया है। आपूर्ति श्रृंखला के माध्यम से गंभीर प्रक्रियाओं और विश्लेषण का पालन किया गया जिसमें दूध और दूध उत्पादों की भौतिक, रासायनिक और सूक्ष्मजीवविज्ञानी निगरानी शामिल है।

एफ.एस.एस.ए.आई. परीक्षण प्रोटोकॉल के अनुसार मिलावट, परिक्षकों और संदूषकों के परीक्षणों के अलावा सभी भौतिक रासायनिक और सूक्ष्मजीवविज्ञानी मापदंडों के लिए 32 प्रकार के कड़े गुणवत्ता परीक्षण किए जा रहे हैं। इसके अलावा, हम यह पुष्टि करने के लिए प्रत्येक चिलिंग सेंटर से कच्चे दूध की बैक्टीरिया गुणवत्ता की जांच करते है कि एस.पी.सी. 10 लाख सी.एफ.यू/एम.एल. से कम है। सफाई एवं नियंत्रणता पर कड़ी निगरानी रखी जाती है।

उपरोक्त के आलोक में कंपनी ने ग्रामीण स्तर पर कड़े गुणवत्ता नियंत्रण उपाय स्थापित किए हैं। दूध उतारने से पहले विभिन्न जांच उपायों जैसे चीनी, नमक, यूरिया, वनस्पति तेल, डिटर्जेंट, मालटोडेकसट्रिन आदि जैसी लगभग 32 प्रकार की मिलावटी जांच दूध की गुणवत्ता की परीक्षण उच्च स्तर पर करने के लिए किया जा रहा है।

कंपनी अपने कार्यक्षेत्र एवं एम.सी.सी. स्तर पर सभी दुग्ध उत्पादक सदस्यो एवं सभी संबंधित कर्मचारियों के लिए स्वच्छ दूध उत्पादन प्रथाओं, स्वच्छता प्रथाओं, अच्छी विनिर्माण प्रथाओं और अच्छी प्रयोगशाला प्रथाओं पर लगातार जागरूकता कार्यक्रम चला रहे हैं।

वर्ष के दौरान, कंपनी ने बेहजोई, अतरौली, मैनपुरी और गजरौला एमसीसी में उन्नत प्रौद्योगिकियों के साथ बीएमसी/मिल्क चिलिंग सेंटर के बुनियादी ढांचे में कई महत्वपूर्ण सुधार किए हैं। हमने खरीद स्तर पर कच्चे दूध की गुणवत्ता के नियंत्रण और निगरानी में सुधार के लिए नवीनतम प्रौद्योगिकियों के उपयोग द्वारा मूल्य श्रृंखला पर विचार करने वाली अपनी निगरानी प्रणाली को और मजबूत किया है इस तरह के हस्तक्षेप हमारे ग्राहकों को बेहतर गुणवत्ता वाला दूध उपलब्ध कराने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को साबित करते हैं और एक सकारात्मक ब्रांड छवि बनाते हैं और साथ ही ग्राहकों का विश्वास भी अर्जित करते हैं। उपरोक्त को देखते हुये कंपनी ने कच्चे दूध की एम.बी.आर.टी. में पर्याप्त वृद्धि दर्ज की है और 120 मिनट

पर पहुंच गई है, जिससे हमने मदर डेयरी स्तर पर दूध अस्वीकृति की कमी को काफी हद तक नियंत्रित रखा है। साथ ही गुणवत्ता मापक की मदद से दैनिक आधार पर विभिन्न प्रकार के डिजिटल रिकॉर्ड बनाए रखे जा रहे हैं।

## व्यवसाय के स्वरूप में परिवर्तन

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान कंपनी के व्यवसाय की प्रकृति में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है।

## महत्तवपूर्ण परिवर्तन और प्रतिवद्धताएँ वित्तीय वर्ष के खत्म होने के पश्चात

वित्तीय वर्ष 31 मार्च, 2023 के पश्चात कंपनी की वित्तीय स्थिति को प्रभावित करने वाले कोई महत्तवपूर्ण परिवर्तन और प्रतिवद्धताएँ नहीं हुई है।

## पूंजी संरचना एवं अंशों का आवंटन और सदस्यता

कंपनी ने वर्ष के दौरान अपनी अधिकृत अंश पूंजी में कोई बदलाव नहीं किया है, कंपनी की अधिकृत अंश पूंजी 31 मार्च, 2023 को 45 करोड़ रुपये थी। कंपनी ने वर्ष के दौरान 21,720 सदस्यों को 100/– रुपये के 3,87,885 समता अंश जारी किए हैं। इसलिए 31 मार्च, 2023 को कंपनी की उपार्जित और प्रदत्त अंश पूंजी वर्ष के शुरूआत में रु. 29.79 करोड़ थी और अन्त में रू.28.56 करोड़ थी।

उपरोक्त के अलावा, कंपनी ने समर्पण/सदस्यता रद्द करने के कारण 25,227 सदस्यों के 5,11,092 अंशों को रद्द किया और वर्ष के दौरान नए और मौजूदा सदस्यों को उक्त अभ्यर्पित रद्द किए गए अंशों को पुनः जारी किया गया।

उपरोक्त के अलावा, कंपनी ने कोई समता अंश या अधिमान अंश या ऐसी कोई प्रतिभूतियां जारी नहीं की हैं जिनके पास ऐसी प्रतिभूतियों को अंशों में बदलने का अधिकार या विकल्प है।

31 मार्च, 2023 तक, कंपनी ने 95,945 उत्पादक सदस्यों को कंपनी की सदस्यता प्रदान की है। 31 मार्च, 2023 के पश्चात्, कंपनी ने 5,238 सदस्यों को नामांकित किया और 12,660 सदस्यों की सदस्यता के मानदंडों को पूरा न करने के कारण तथा सदस्यता के निरस्त/आत्मसमर्पण के कारण अभ्यर्पित/रद्द कर दिया गया है। तत्पश्चात्, इस रिपोर्ट की तारीख तक के कुल सदस्यों की संख्या 88,523 हैं।

श्रेणी–ए, श्रेणी–बी और श्रेणी–सी से संबंधित सभी सदस्यों से अनुरोध है कि वे संबंधित वित्तीय वर्षों के

दौरान सदस्यता जारी रखने के लिए अपनी–अपनी संबंधित श्रेणी के सभी संरक्षण मानदंडों और शर्तों को पूरा करें।

## वार्षिक आम सभा में उपस्थिति एवं मतदान अधिकार

आज की दिनांक में कुल 88,523 सदस्यों में से,

22,217 सदस्यों (जिसमें श्रेणी–ए, श्रेणी–बी एवं श्रेणी–सी शामिल हैं) जिन्होंने संबंधित श्रेणी के संरक्षण के सभी मानदंडों को पूरा किया है, को दसवीं वार्षिक आम सभा में पेश किए जाने वाले सभी प्रस्तावों (उनसे संबंधित श्रेणी के निदेशक के चुनाव पर मतदान सहित) पर मतदान करने का अधिकार है।

7,162 सदस्यों को दसवीं वार्षिक आम सभा में पेश किए जाने वाले सभी प्रस्तावों (उनसे संबंधित श्रेणी के निदेशक (निदेशकों) के चुनाव पर मतदान को छोड़कर) पर मत देने का अधिकार है क्योंकि उन्होंने संरक्षण से संबंधित मानदंडों को पूर्ण नहीं किया है। परन्तु उन्होंने गत वित्तीय वर्ष 2022–23 में कंपनी में न्यूनतम दिन और लीटर दूध की आपूर्ति की है।

59,144 सदस्य दसवीं वार्षिक आम सभा में उपस्थित होने के योग्य हैं, परन्तु उन्हें दसवीं वार्षिक आम सभा में पेश किए जाने वाले किसी भी प्रस्ताव पर मतदान करने का अधिकार नहीं है।

31 मार्च, 2023 के पश्चात् जोड़े गए सदस्य वित्तीय वर्ष 2022–23 के लाभांश के साथ–साथ दसवीं वार्षिक आम सभा में मतदान के हकदार भी नहीं होंगे।

## निवेशक शिक्षा और सुरक्षा कोष (आई.ई.पी.एफ.)

कंपनी अधिनियम की धारा 124, 125 और अन्य लागू प्रावधानों, यदि कोई हो, के प्रावधानों के अनुसार, निवेशक शिक्षा और संरक्षण निधि प्रधिकरण (लेखा, लेखा परीक्षा, स्थानांतरण और धनवापसी) नियम, 2016 (इसके बाद 'आईईपीएफ नियम के रूप में संदर्भित) के साथ पढ़ें (तत्समय लागू किसी भी वैधानिक संशोधन या उसके पुनः अधिनियमन सहित) वित्तीय वर्ष 2014–15 के लिए सीमित रिटर्न (लाभांश) की राशि रू. 3,08,320/– जो अवनैतिक लाभांश खाते में पड़े रहने की तारीख से 7 वर्षों की अवधि तक अवैतनिक/अस्वामिक रहा, कंपनी द्वारा केन्द्र सरकार के निवेशक शिक्षा और संरक्षण कोष (आईईपीएफ) में स्थानांतरित कर दिया गया है।

इसके अलावा, कंपनी के पास कोई अंतर्निहित अंश नहीं है जिसे उपर्युक्त हस्तांतरण के अनुसार आईईपीएफ में स्थानांतरित किया जाना आवश्यक है। इसलिए, इसके संबंध में कोई आवश्यक कार्रवाई की आवश्यकता नहीं थी।

अवनैतिक/दावा न किए गए लाभांश की सूची कंपनी की वेबसाइट www.saahajmilk.com पर उपलब्ध है। अंशधारकों से अनुरोध है कि वे उक्त सूची की जांच करें और यदि उनके कारण कोई उपरोक्त राशि उक्त सूचियों में बकाया रह गई है, तो उसे जारी करने के लिए कंपनी से संपर्क कर सकते हैं।

## बोर्ड की बैठकें

कंपनी के व्यापार में लेन–देन के लिए समय–समय पर बोर्ड की बैठक होती हैं और समीक्षाधीन वर्ष के दौरान बोर्ड की सात बैठकें निम्नानुसार आयोजित की गयी :

| बोर्ड बैठकों की क्र.स. | बोर्ड बैठकों की तिथि | बोर्ड के कुल सदस्य | उपस्थिति निदेशक |
|---|---|---|---|
| 40 वीं बोर्ड बैठक | 27 मई, 2022 | 14 | 13 |
| 41 वीं बोर्ड बैठक | 20 जुलाई, 2022 | 14 | 14 |
| 42 वीं बोर्ड बैठक | 16 सितम्बर, 2022 | 14 | 13 |
| 43 वीं बोर्ड बैठक | 18 नबम्बर, 2022 | 14 | 14 |
| 44 वीं बोर्ड बैठक | 16 जनवरी, 2023 | 14 | 12 |
| 45 वीं बोर्ड बैठक | 14 मार्च, 2023 | 13 | 13 |

## समिति

### हित धारक संबंध समिति (स्टेक होल्डर्स रिलेशनशिप कमेटी)

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 178 (5) के अनुसार, कंपनी के अंशधारकों की शिकायतों को हल करने के लिए बोर्ड द्वारा हितधारक संबंध समिति (स्टेक होल्डर्स रिलेशनशिप कमेटी) का गठन किया गया था। समिति की संरचना इस प्रकार है :

श्री रजनीश कुमार, अध्यक्ष
श्री शिव प्रताप, सदस्य

श्री बसंत चौधरी, सदस्य

समिति का गठन 25 मार्च, 2021 को किया गया था। वर्ष के दौरान, समिति की बैठक एक बार हुई, जिसका विवरण नीचे दिया गया है :

| हितधारक संबंध समिति बैठक संख्या | समिति बैठक की दिनांक | समिति के सदस्य | समिति में उपस्थित सदस्य |
|---|---|---|---|
| द्वितीय | 14 मार्च, 2023 | 3 | 3 |

कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है।

## निदेशकों की नियुक्ति, पारिश्रमिक के भुगतान और उनके कर्तव्यों के निर्वहन से संबंधित कंपनी की नीति

नामांकन और पारिश्रमिक समिति के गठन से संबंधित धारा 178(1) के प्रावधान कंपनी पर लागू नहीं होते हैं।

## निदेशक मण्डल में परिवर्तन

श्री अनिल कुमार और श्री हरेन्द्र पाल सिंह 23 अग्रस्त, 2022 से कंपनी के निदेशक पद से सेवानिवृत्त हुए थे। श्री श्रीराम सिंह ने कंपनी के विशेषज्ञ निदेशक के पद से इस्तीफा दे दिया और 31 जनवरी, 2023 से निदेशक नहीं रहे। बोर्ड ने इसका संज्ञान लेते हुए निदेशक के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान उनके द्वारा प्रदान की गई सेवाओं की सराहना करता है।

श्री मानिक चन्द्र और श्री राहुल कुमार को 23 अगस्त, 2023 से कंपनी के बोर्ड में निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया। श्री शिव कुमार शर्मा को 23 अगस्त, 2023 से कंपनी के निदेशक के रूप में पुनः नियुक्त किया गया। डॉ. संजय गोवानी को 12 मई, 2023 से कंपनी के बोर्ड में विशेषज्ञ निदेशक पद पर नियुक्त किया गया।

## स्वतंत्र निदेशक द्वारा घोषणा

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 149 के प्रावधानों के तहत कंपनी को स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति

करने की आवश्यता नहीं है।

## निदेशक मंडल की संरचना और आगामी वार्षिक आम सभा में निदेशकों की नियुक्ति/सेवानिवृत्ति

कंपनी के अन्तर्नियमों के अनुच्छेद 9.5 में सदस्यों के संरक्षण एवं बोर्ड में उनके प्रतिनिधित्व के आधार पर विभिन्न वर्गों में जहाँ तक संभव हो सके संबंधित श्रेणी के संरक्षण के आधार वर्गीकृत करने हेतु मानदण्ड प्रदान किए गए हैं। सदस्यों को संरक्षण के आधार पर तीन अलग–अलग वर्गों अर्थात् श्रेणी–ए, श्रेणी–बी और श्रेणी–सी में वर्गीकृत करने के लिए संशोधित मानदंड को कंपनी की छठी वार्षिक आम सभा में सदस्यों द्वारा अनुमोदित किया गया था।

वित्तीय वर्ष 2022–23 के दौरान, सदस्यों द्वारा संरक्षण मानदंडों की पूर्ति के आंकड़ों के विश्लेषण के आधार पर यह पाया गया है कि श्रेणी–ए, श्रेणी–बी और श्रेणी–सी के सदस्यों के बीच क्रमशः 22%, 24% और 53% थे। तदनुसार, सदस्यों के प्रत्येक वर्ग के संरक्षण के आधार पर बोर्ड में सदस्यों के प्रत्येक वर्ग के प्रतिनिधित्व के लिए प्रदान करने वाले बोर्ड की संरचना में क्रमशः श्रेणी–ए में 2, श्रेणी–बी में 3 और श्रेणी–सी में 6 निदेशक आते हैं। कंपनी अनुच्छेद 9.5 की आवश्यकता को निम्नानुसार पूरा करती है :–

### श्रेणी–ए के निदेशक :

वर्तमान में बोर्ड में ''श्रेणी–ए'' का प्रतिनिधित्व करने वाले 2 निदेशक हैं। दसवीं वार्षिक आम सभा में ''श्रेणी–ए'' के निदेशकों की श्रेणी में कोई सेवानिवृत्ति/नियुक्ति नहीं है।

### श्रेणी–बी के निदेशक :

वर्तमान में बोर्ड में ''श्रेणी–बी'' का प्रतिनिधित्व करने वाले 2 निदेशक हैं। कंपनी के अन्तर्नियमों को अनुच्छेद 9.6 के अनुसार 'श्रेणी बी' का प्रतिनिधित्व करने वाले कंपनी के निदेशक श्री योगेश कुमार जादौन, कंपनी की दसवीं वार्षिक आम सभा में सेवानिवृत्त होगें। श्री योगेश कुमार जादौन ने पात्र / योग्य होने के कारण स्वयं को पुनः नियुक्ति के लिए प्रस्तावित किया है।

नामांकन समिति की अनुशंसा के आधार पर बोर्ड ने ''श्रेणी बी'' के रिक्त पद को भरने के लिए श्री योगेश कुमार जादौन की पुनः नियुक्ति का प्रस्ताव दिया है।

**श्रेणी–सी के निदेशक :**

वर्तमान में बोर्ड में ''श्रेणी–सी'' का प्रतिनिधित्व करने वाले 6 निदेशक हैं। कंपनी के अन्तर्नियमों के अनुच्छेद 9.6 के अनुसार, ''श्रेणी–सी'' का प्रतिनिधित्व करने वाले कंपनी के निदेशक श्री अनरूद्ध कुमार एवं श्रीमती प्रेमलता कंपनी की दसवीं वार्षिक आम सभा में सेवानिवृत्त होंगे।

नामांकन समिति की अनुशंसा के आधार पर ''श्रेणी सी'' के रिक्त पद को भरने के लिए श्री अनुरूद्ध कुमार ''श्रेणी सी'', जो पुनः नियुक्ति के लिए पात्र नहीं हैं के स्थान पर श्रीमती उमा भदौरिया की नियुक्ति का प्रस्ताव दिया है।

बोर्ड ने श्रीमती प्रेमलता ''श्रेणी सी'' जो पुनः नियुक्ति के लिए पात्र नहीं हैं के स्थान पर श्रीमति सुलेखा, ''श्रेणी सी'' की नियुक्ति का प्रस्ताव दिया है।

नियुक्ति चाहने वाले निदेशकों के नाम और योग्यता का विवरण कंपनी की दसवीं वार्षिक आम सभा के सूचना पत्र के साथ संलग्न है।

कंपनी के अन्तर्नियमों के अनुच्छेद 9.5 और 9.6 के अनुसार, कंपनी में श्रेणी–ए के 2, श्रेणी–बी के 2 और श्रेणी–सी के 6 निदेशक हो जायेंगे, यदि दसवीं वार्षिक आम सभा में प्रस्तावित नियुक्तियों का अनुमोदन होता है।

**निदेशकों के उत्तरदायित्व का विवरण :**

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134(5) के अंतर्गत कंपनी का निदेशक मंडल पुष्टि करता है कि–

1. 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष का वार्षिक वित्तीय विवरण तैयार करते समय, लागू लेखांकन मानकों के साथ पठित अधिनियम की अनुसूची III में निर्धारित प्रावधानों का अनुपालन किया गया है और इससे कोई महत्वपूर्ण विचलन नहीं है।

2. निदेशकों ने ऐसी लेखा नीतियों का चयन किया है और उन्हें निरन्तर लागू किया है जो इसके तर्कसंगत और उपयुक्त है कि वित्तीय वर्ष में कंपनी के कारोबार की सही स्थिति तथा इस अवधि के दौरान कंपनी के घाटे का सही एवं उचित विवरण प्रस्तुत करते हैं।

3. निदेशकों ने कंपनी की संपत्ति की सुरक्षा के साथ छल–कपट/धोखाधड़ी और अन्य अनियमितताओं को रोकने और पता लगाने के लिए अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार पर्याप्त लेखांकन रिकार्ड के रखरखाव के लिए उचित और पर्याप्त सावधानी बरती है।

4. कंपनी के निदेशकों द्वारा वार्षिक खातों को प्रगतिशील प्रतिष्ठान के आधार पर तैयार करवाया है।

5. निदेशकों ने सभी लागू कानूनों के प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए उचित प्रणाली तैयार की हैं और यह प्रणालियां पर्याप्त है और प्रभावी ढंग से काम कर रही हैं।

**लेखा परीक्षक द्वारा रिपोर्ट/प्रतिवेदित की गई धोखधडी**

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, वैधानिक लेखा परीक्षक को कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143 की उप धारा (12) के तहत धोखाधड़ी का कोई मामला नहीं मिला।

**आंतरिक नियंत्रण प्रणाली**

कंपनी की आंतरिक नियंत्रण प्रणाली सही एवं उचित रूप से कार्य कर रही है जो सुनिश्चित करती है कि सभी संपत्तियां सुरक्षित हैं और लेनदेन अधिकृत, रिकार्ड और सही ढंग से रिपोर्ट किए गए हैं। वर्ष के दौरान, प्रणाली की संरचना या संचालन में कोई महत्वपूर्ण रिपोर्ट करने योग्य कमी नहीं पायी गई।

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 378ZF के अंतर्गत, मैसर्स अरनेस्ट एण्ड यंग एलएलपी, चार्टर्ड एकाउंटेंट्स को कंपनी के आंतरिक लेखा परीक्षकों के रूप में पुनः नियुक्त किया गया है, जिन्होंने स्वतंत्र रूप से आंतरिक नियंत्रण की पर्याप्तता और बहुसंख्य में लेन–देन का मूल्यांकन किया है।

**नियन्त्रक/सहायक/सहयोगी कंपनियां**

कंपनी की कोई नियन्त्रक/सहायक/सहयोगी कंपनी नहीं है।

**जमा**

कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत जमा से संबंधित विवरण के सम्बन्ध में किसी प्रकटीकरण या विवरण देने की आवश्यकता नहीं थी क्योंकि वित्तीय वर्ष 2022–23 के दौरान कोई जमा नहीं थी।

## ऋण, गारंटी या निवेश का विवरण

कंपनी ने समीक्षाधीन वर्ष के दौरान कोई निवेश, गारंटी और प्रतिभूतियां नहीं दी हैं। इसलिए कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 186 के प्रावधानों का पालन करने की कोई आवश्यकता नहीं है।

## संबंधित पार्टीयों के साथ अनुबंध और व्यवस्था

31 मार्च, 2023 को समाप्त वित्तीय वर्ष के दौरान किए गए सभी संबंधित पार्टी लेनदेन आर्म्स लेंथ बेसिस थे और सामान्य व्यवसाय संचालन के अनुसार एवं अनुरूप थे। इसके अलावा, कंपनी द्वारा समीक्षाधीन वर्ष के दौरान प्रवर्तकों, निदेशकों या अन्य नामित व्यक्तियों के साथ कोई महत्वपूर्ण संबंधित पार्टी लेनदेन नहीं किया गया है। इस प्रकार, प्रपत्र AOC–2 में प्रकटीकरण की आवश्यकता नहीं है।

## कॉर्पोरेट सोशल रिस्पोन्सिबिलिटी (सी.एस.आर.)

कंपनी ने कॉर्पोरेट सोशल रिस्पोन्सिबिलिटी नीति (सी.एस.आर. नीति) तैयार की है जो कंपनी द्वारा की जाने वाली गतिविधियों को दर्शाती है। बनाई गई नीति का उद्देश्य कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची VII के अनुसार सीएसआर गतिविधियों/परियोजनाओं को शुरू करना है। बोर्ड द्वारा लागू की गई कॉर्पोरेट सोशल रिस्पोन्सिबिलिटी नीति कंपनी की वेबसाइट – https://saahajmilk.com/saahaj-policies/ पर उपलब्ध है।

इसके अलावा, कंपनी अधिनियम की धारा 135(9) के अनुसार, कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व समिति के गठन से सम्बन्धित प्रावधान कंपनी पर लागू नहीं होते हैं। इसलिए कंपनी के निदेशक मंडल द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व समिति के कार्यों का निर्वहन किया जा रहा है।

वर्ष के दौरान, कंपनी ने कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची VII के अनुसार सीएसआर गतिविधियों के रूप में चिन्हित प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) में रु. 29,51,975 की राशि का योगदान दिया।

सीएसआर गतिविधियों पर वार्षिक रिपोर्ट निर्धारित प्रारूप के अनुसार **संलग्नक–ए** पर संलग्न है जो इस रिपोर्ट का हिस्सा है।

## जोखिम प्रबंधन नीति

जोखिम प्रबंधन की पहचान, मूल्यांकन और प्राथमिकता की प्रक्रिया है जिसके बाद दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं की संभावना और / या प्रभाव को कम करने, निगरानी और कम करने / नियंत्रित करने या अवसरों की प्राप्ति को अधिकतम करने के लिए समन्वित प्रयास किए जाते हैं। यह सुनिश्चित करने के लिए इन प्रक्रियाओं की समीक्षा की जाती है कि प्रबंधन उचित रूप से परिभाषित ढांचे के माध्यम से जोखिम को नियंत्रित कर रहा है। कंपनी द्वारा प्रमुख जोखिमों जैसे की व्यवसाय, वित्तीय, मानवीय और वैधानिक अनुपालन आदि के क्षेत्रों की पहचान की गई है और इनके प्रभाव को कम करने की प्रक्रिया/उपाय तैयार किए गए हैं।

कंपनी ने एक जोखिम प्रबंधन नीति विकसित और कार्यान्वित की है, जिसे बोर्ड द्वारा अनुमोदित किया गया है।

## ऊर्जा संरक्षण, शोध एवं विकास, तकनीकी समावेश, विदेशी विनिमय आय एवं निकासी

(i) **ऊर्जा संरक्षण, तकनीकी समावेश**

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान कंपनी द्वारा की गई गतिविधियों की प्रकृति को ध्यान में रखते हुए कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134 (3) (m) के प्रावधानों के तहत ऊर्जा संरक्षण और प्रौद्योगिकी अवशोषण के संबंध में विवरण प्रस्तुत नहीं किए गए हैं।

(ii) **विदेशी विनिमय आय एवं निकासी**

आय–शून्य
निकासी–शून्य

सामान्य कार्यालय और प्रकाश प्रयोजनों को छोड़कर कंपनी ने किसी अन्य प्रकार की विद्युत खपत नहीं की है।

## सतर्कता तंत्र (विजिल मैकेनिज्म)

कंपनी ने कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 177(9) के प्रावधानों के अनुसार निदेशकों और कर्मचारियों के लिए एक सतर्कता तंत्र की स्थापना की है और बोर्ड ने कंपनी के मुख्य कार्यकारी को सर्तकता तंत्र की देखरेख का कार्य सौंपा है। विजिल मैकेनिज्म (व्हिसल ब्लोअर पॉलिसी) कंपनी की वेबसाइट

https://saahajmilk.com/saahaj-policies/ पर उपलबध है।

## नियामकों, न्यायालयों और न्यायाधिकरणों द्वारा पारित महत्वपूर्ण आदेशों का विवरण :

नियामकों, अदालतों, न्यायाधिकरणों द्वारा कोई महत्वपूर्ण आदेश पारित नहीं किया गया है जो भविष्य में कंपनी के संचालन की स्थिति और कंपनी के संचालन को प्रभावित करता है।

## लेखा परीक्षक

कंपनी के वैधानिक अंकेक्षक, मैसर्स एस.बी.बिलिमोरिया एंड कंपनी, चार्टड एकाउंटेंट्स को आठवीं वार्षिक आम सभा में पुनः नियुक्त किया गया तथा वह ग्यारहवीं वार्षिक आम सभा जो वर्ष 2024 में सम्पन्न होगी, के समापन तक कार्यकाल संभालेंगे।

## लागत अभिलेख

धारा 148 के अनुसार लागत लेखा परीक्षा का प्रावधान कंपनी पर लागू नहीं होता है।

## लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट/साचिविक परीक्षकों की रिपोर्ट पर बोर्ड की टिप्पणी

वैधानिक लेखा परीक्षकों की टिप्पणियों को जब लेखा और लेखा नीतियों से संबंधित टिप्पणियों के साथ पढ़ा जाता है तो वह स्वः स्पष्ट हो जाती हैं और आगे किसी टिप्पणी की आवश्यकता नहीं रह जाती है। सचिविक अंकेक्षण कंपनी पर लागू नहीं है।

## वार्षिक रिटर्न का वेब लिंक

कंपनी की वेबसाइट www.saahajmilk.com है। कंपनी का वार्षिक रिटर्न कंपनी की वेबसाइट पर प्रकाशित किया गया है। जिसका लिंक नीचे दिया गया है।
https://saahajmilk.com/annual-general-meeting/

## कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीडन (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 के तहत प्रकटीकरण

कंपनी ने कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 और उनके तहत बनाए गए नियमों के अनुपालन में आंतरिक शिकायत समिति के गठन से संबंधित प्रावधानों का अनुपालन किया है और सुरक्षित कार्यस्थल नीति को लागू किया है। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान यौन उत्पीड़न की कोई घटना दर्ज नहीं की गई।

**इंसोल्वेंसी एण्ड बैंकक्रपसी कोड, 2016**

वर्ष के दौरान इंसोल्वेंसी एण्ड बैंकक्रपसी कोड, 2016 (2016 का 31) के तहत कोई आवेदन नहीं किया गया था या कोई कार्यवाही लंबित नहीं थी।

**एक मुश्त निपटारे के समय किए गए मूल्यांकन की राशि और बैंकों या वित्तीय संस्थानों से ऋण लेते समय किए गए मूल्यांकन की राशि के बीच अंतर का विवरण उसके कारण सहित**

लागू नहीं।

**आईसीएसआई के सचिवीय मानक**

भारतीय कंपनी सचिव संस्थान ('आईसीएसआई') द्वारा जारी लागू सचिवीय मानकों की आवश्यकताओं के अनुपालन के लिए एक उचित प्रणाली और प्रक्रिया कंपनी में रखी जा रही है और यह प्रणाली पर्याप्त है एवं प्रभावी ढंग से कार्य कर रही है।

**कर्मचारियों का विवरण**

समीक्षाधीन अवधि के दौरान, कंपनी के किसी भी कर्मचारी को अधिनियम के तहत निर्धारित सीमा से अधिक वेतन नहीं मिला। तदनुसार, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134 के साथ पठित कंपनी (प्रबंधकीय कार्मिक की नियुक्ति और पारिश्रमिक) नियम, 2014 के नियम 5(2) के अनुसार कर्मचारियों का कोई विवरण नहीं दिया जा रहा है।

**आभार**

कंपनी का निदेशक मंडल समीक्षाधीन अवधि के दौरान अपने सदस्यों, व्यावसायिक सहयोगियों के समर्थन और योगदान के लिए उनकी सराहना करना चाहता है। साथ ही साथ निदेशक कंपनी के

कर्मचारियों, बैंकरों, आंतरिक और वैधानिक अंकेक्षकों द्वारा निरंतर सहयोग देने के लिए सभी को धन्यवाद देते हैं।

निदेशक मण्डल राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड, एनडीडीबी डेयरी सर्विसेज, मदर डेयरी फ्रूट एण्ड वेजिटेबल प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा प्रदान सहयोग के लिए उनका आभार व्यक्त करते हैं।

वास्ते निदेशक मण्डल

ह./–
रजनीश कुमार
अध्यक्ष एवं निदेशक
डी.आई.एन. : 07894245

दिनांक : 18 अगस्त, 2023
स्थान : आगरा

संलग्नक–ए

# वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए सी.एस.आर. गतिविधियों पर वार्षिक रिपोर्ट

## 1) कंपनी की सीएसआर नीति के संबंध में संक्षिप्त रूपरेखा :

कंपनी ने सीएसआर नीति अपनाई है जिसमें कंपनी (कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व नीति) नियम, 2014 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची VII में वर्णिक गतिविधियों की विस्तृत श्रृखंला शामिल है, जिसमें मुख्य रूप से शामिल हैं :

क) स्वास्थ्य
ख) शिक्षा
ग) स्वच्छता सुविधाएं
घ) पर्यावरणीय स्थिरता
ङ) लैंगिक समानता को बढ़ावा देना
च) व्यावसायिक कौशल में सुधार
छ) राष्ट्रीय विरासत, कला और संस्कृति की रक्षा करना
ज) सशस्त्र बलों के दिग्गजों, युद्ध विधवाओं और उनके आश्रितों के लाभ के लिए उपाय
झ) पीएम राष्ट्रीय राहत कोष या पीएम केयर्स फंड या केन्द्र सरकार द्वारा स्थापित किसी अन्य फंड में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यकों और महिलाओं के सामाजिक–आर्थिक विकास और राहत और कल्याण के लिए योगदान
ञ) इन्क्यूबेटरस या अनुसंधान और विकास परियोजनाओं में योगदान
ट) प्राकृतिक आपदा के समय गतिविधियों को अंजाम देना या आपदा प्रबंधन प्रणाली में शामिल होना।

## 2) सीएसआर समिति की संरचना :

लागू नहीं (कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 135(9) के प्रावधानों के अनुसार कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व समिति के गठन की आवश्यकता कंपनी को नहीं है। इसलिए, कंपनी के निदेशक मंडल द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व समिति के कार्यों का निर्वहन किया जा रहा है।

| क्र. सं. | निदेशक का नाम | पदनाम/निदेशक पद का स्वरूप | वर्ष के दौरान सी.एस.आर. समिति की संपन्न बैठकों की संख्या | वर्ष के दौरान सी.एस.आर. समिति की उन बैठकों की संख्या जिसमें भाग लिया गया |
|---|---|---|---|---|
| ––– लागू नहीं ––– | | | | |

**वरुण वर्मा**
कम्पनी सचिव
सदस्यता संख्या : F10508

स्थान : आगरा
दिनांक : 18 अगस्त, 2023

ह./–
**बसन्त चौधरी**
मुख्य कार्यकारी एवं निदेशक
डी.आई.एन. : 08277954

ह./–
**सुदीप कुमार भौमिक**
सहायक महाप्रबन्धक वित्त

# सहज मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड

टिप्पणियाँ वित्तीय विवरण का ही एक भाग है।

## 1. कम्पनी के बारे में

सहज मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड, कम्पनी अधिनियम, 1956 के भाग IXA के अंतर्गत दिनांक 17 अक्टूबर, 2014 को गठित है।

कम्पनी उत्तर प्रदेश के गाँवों के दुग्ध उत्पादकों से दुग्ध संकलन केन्द्रों के माध्यम से दुग्ध क्रय कर कच्चे दूध का विक्रय मदर डेरी फ्रूट एण्ड वेजिटेबल प्राइवेट लिमिटेड को करती है। कम्पनी पौली पैक दूध (PPM), घी, पशु आहार एवं वीर्य का क्रय एवं विक्रय करती है।

## 2. महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां

महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां निम्न प्रकार हैं :

### (a) लेखांकन का आधार

कंपनी अधिनियम 2013 के नियम 7 के साथ पठित कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 133 के तहत निर्दिष्ट लेखा मानकों का अनुपालन करने के लिए कंपनी का वित्तीय विवरण भारत में आमतौर पर स्वीकृत लेखा सिद्धान्तों के अनुसार तैयार किए गए हैं। एम.सी.ए. ने वर्ष के दौरान कंपनी अधिनियम 2013 के अध्याय XXIA के तहत निर्माता कंपनी नियम 2021 के रूप में जानी जाने वाली निर्माता कंपनियों पर लागू है। वित्तीय विवरण तैयार किये जाते है। वित्तीय विवरण तैयार करने में अपनाई गई लेखांकन नीतियाँ पिछले वर्ष में अपनाई गई नीतियों के अनुरूप है।

### (b) अनुमानों का उपयोग

वित्तीय विवरण तैयार करने हेतु प्रबंधकों द्वारा भारत में आमतौर पर स्वीकार्य लेखा सिद्धातों के अनुसार अनुमानों तथा धारणाओं का प्रयोग सम्पत्तियों एवं दायित्वों की राशियों तथा वर्ष के दौरान होने वाले आय एवं व्ययों की दर्शायी गई राशियों के लिए किया गया है। कंपनी प्रबंधन का मानना है कि वित्तीय विवरण तैयार करने हेतु प्रयोग किए गये अनुमान विवेकपूर्ण एवं उचित हैं। इन अनुमानों के कारण भावी परिणामों में अंतर हो सकता है एवं वास्तविक परिणामों एवं अनुमानों के अंतर को, परिणामों की जानकारी प्राप्त होने की अवधि में निर्धारित किया जाता है।

### (c) रोकड़ एवं रोकड़ तुल्य (रोकड़ प्रवाह विवरण के उद्देश्य से)

रोकड़ में हस्तगत रोकड़ तथा बैंक में शामिल हैं। रोकड़ तुल्य अल्पकालीन शेष होते हैं (जिनकी मूल परिपक्वता अवधि 3 माह या इससे कम लेने की तिथि से) जो नकदी निवेश के समान होते हैं तथा जिन्हें किसी भी समय रोकड़ में परिवर्तित किया जा सकता है तथा जिनमें मूल्य परिवर्तन की जोखिम का नगण्य प्रभाव होता है।

## (d) रोकड़ प्रवाह विवरण

रोकड़ प्रवाह अप्रत्यक्ष पद्धति के द्वारा बनाया गया हैं। जिसमें लाभ–हानि खाते को अप्रत्याशित खर्चों, कर तथा अरोकड़ प्रकृति के खर्चे, भविष्य में प्राप्त होने वाली राशियों, भुगतान अथवा पूर्व में प्राप्त किये गए राशियों एवं भुगतान को समायोजित करते हुए बनाया जाता है। उपलब्ध सूचनाओं के आधार पर रोकड़ प्रवाह को कम्पनी की परिचालन, विनियोजन एवं वित्तीय क्रियाओं के आधार पर अलग–अलग किया जाता है।

## (e) आय का निर्धारण

ऐसी आयों को विक्रय से आय माना जाता हैं जिसमें शुद्ध प्राप्ति, व्यापारिक बट्टे महत्वपूर्ण जोखिम के हस्तांतरण तथा क्रेता से स्वामित्व का प्रतिफल जो कि ग्राहकों को माल की सुपुर्दगी के समय होता हो, को विक्रय के रूप में जाना जाता है।

## (f) अन्य आय

जमा पर ब्याज अर्जित आधार पर मानी जाती है।

## (g) अचल संपत्तियां (मूर्त/अमूर्त)

अचल सम्पत्तियों को उनकी लागत में से संचित ह्रॉस/परिशोधन तथा यदि कोई क्षति है तो उसको कम करने के उपरांत लिया जाता है। अचल सम्पत्तियों की लागत का निर्धारण व्यापारिक बट्टा तथा छूट के बाद के क्रय मूल्य में कोई भी लगने वाला आयात तथा अन्य कर (ऐसे करों को छोड़कर जो कर अधिकारियों से पुनः वापस लिया जाना है), किसी भी प्रकार के प्रत्यक्ष खर्चे जो उस संपत्ति को वांछित प्रयोग में लेने के लिए किये जाने आवश्यक हैं, ऐसी सम्पत्ति पर प्रत्यक्ष रूप से होने वाले किसी भी प्रकार के आकस्मिक खर्चे तथा संपत्ति क्रय करने हेतु लिए गए ऋण पर उसे वांछित प्रयोग हेतु चालू हो जाने तक की तिथि के ब्याज को शामिल किया जाता है। अचल सम्पत्तियों पर क्रय करने के उपरांत किये गए किसी भी प्रकार के अन्य खर्चे जिनसे सम्पत्ति की भावी निष्पादकता में पूर्व की निष्पादकता की तुलना में वृद्धि होती है का पंजीकरण किया जाता है।

## (h) प्रगति अधीन पूंजीगत कार्य

संपत्तियां जिनको अभी प्रयोग में नहीं लाया जा सकता है उनको लागत पर दर्शाया गया है जिसमें सीधी लागत और उससे सम्बन्धित खर्च जिसमें आकस्मिक खर्चे और आरोप्य ब्याज की राशि शामिल है।

## (i) ह्रॉस एवं ऋणमृक्ति

ह्रास का निर्धारण सीधी रेखा पद्धति संपत्ति के प्रयोग जीवन के आधार पर होता है जो कि टेक्निकल सलाह, संपत्ति की प्रकृति, सम्पत्ति का अनुमानित उपयोग, संपत्ति को चलाने की दशाएं, पिछले प्रतिस्थापन, अनुमानित तकनीकी परिवर्तन, निर्माण वारंटी और रखरखाव सेवा इत्यादि पर निर्भर करता है।

ह्रास का निर्धारण करने के लिए संपत्ति का उपयोगी जीवन निम्न प्रकार निर्धारित करते हैं,

| विवरण | उपयोगी वर्ष | अवधि |
|---|---|---|
| प्लांट एवं उपकरण | 10 | – |
| फर्नीचर एवं फिक्चर्स | 10 | – |
| कम्प्यूटर्स एवं सॉफ्टवेयर | 03 | – |
| कार्यालय उपकरण | 05 | – |

मूल्य–ह्रास का आंकलन वृद्धि की तिथि से अनुपातिक आधार पर किया जाता है।

5000 रूपये या इससे कम मूल्य के एकल सम्पत्तियों को उनके क्रय के वर्ष में ही मूल्य ह्रासित किया जाता है।

## (j) रहतिया

लागत का निर्धारण भारित औसत विधि के आधार पर किया जाता है। लागत में वे सभी खर्चे सम्मिलित हैं जो उनके वर्तमान स्थान तथा स्थिति में लाने हेतु किये गए हैं। तैयार माल में ऊपरी खर्चों का उचित अनुपात सम्मिलित है।

## (k) अनुदान

सरकारी अनुदान एवं रियायत तब मानी जाती हैं जब उसका कोई उचित आश्वासन हो कि कम्पनी उसके साथ संलग्न शर्तों का पालन करेगी तथा अनुदान/रियायत प्राप्त करेगी। ऐसे सरकारी अनुदान जो मूल्य ह्रास सम्बन्धित सम्पत्तियों पर प्रदान किये जाते हैं उसे अस्थगित अनुदान की तरह माना जाता हैं तथा उसे सम्पत्ति के उपयोग अवधि के आधार पर एक सुनियोजित एवं तर्कसंगत तरीके से लाभ–हानि विवरण में

दर्शाया जाता है, ऐसे अनुदान से क्रय की गई सम्पत्तियों पर मूल्य ह्रास को स्थगित अनुदान से समायोजित किया जाता है और मूल्य ह्रास राशि को कम करते हुये लाभ–हानि खाते में दर्शाया जाता है।

आयगत सरकारी अनुदान एवं रियायत को एक ऐसी आवश्यक अवधि के दौरान एक सुनियोजित तरीके से आय के रूप में माना जाता है जिससे ऐसी लागत वसूल हो जाये, जिसे पूरा करना इसका उद्देश्य था तथा सम्बन्धित खर्चों की सूचना देते समय इस आय को खर्चों में से घटा दिया जाता है।

## (l) कर्मचारी लाभ

कर्मचारी लाभों में भविष्य निधि, कर्मचारी राज्य बीमा योजना, ग्रेच्युटी तथा अवकाश का प्रतिफल हेतु प्रावधान शामिल है।

### (a) निर्धारित योगदान योजनाएं

भविष्य निधि, कर्मचारी राज्य बीमा योजना में कम्पनी के योगदान को निर्धारित अंशदान योजना माना जाता है। योगदान की राशियों को ध्यान में रखते हुए लाभ–हानि खाते में दर्शाया गया है।

### (b) निर्धारित लाभ योजनाएं

ग्रेच्युटी को निर्धारित लाभ योजना के तहत माना गया है। ग्रेच्युटी को आर्थिक चिट्ठे की तिथि को किये गए बीमांकिक मूल्यांकन के आधार लिया गया है। प्रोजेक्टेड यूनिट क्रेडिट पद्धति के अनुसार दायित्वों में बढ़ोत्तरी को बीमांकिक मूल्यांक के आधार पर प्रतिवेदन की तिथि को लाभ हानि खाते में दर्शाया जाता है। बीमांकिक लाभों तथा हानियों को लाभ–हानि खाते में दर्शाया जाता है।

### (c) अल्पकालीन कर्मचारी लाभ

कर्मचारियों के अल्पकालीन अदत्त लाभों की राशियों को उन कर्मचारियों को उनके द्वारा प्रदत्त सेवाओं के एवज में, उस वर्ष में दर्शाया जाता है जिस वर्ष में उनके द्वारा सेवाएं दी गयी हैं। इन लाभों में परफॉरमेंस इन्सेन्टिव्स और अनुपस्थिति क्षतिपूर्ति शामिल है जो पिछले 12 माह में कर्मचारियों द्वारा दी गयी सेवाओं से सम्बन्धित है।

### (d) दीर्घकालीन कर्मचारी लाभ

ऐसी प्रतिपूर्ति अनुपस्तिथियां, जो कर्मचारी द्वारा सम्बन्धित सेवा प्रदान करने की अवधि के समापन के 12

माह की अवधि में होने की अपेक्षा नहीं थी। एक निर्धारित लाभ दायित्व के आधार पर वर्तमान मूल्य पर दायित्व का निर्धारण चिट्ठे की तिथि को बीमांकिक मूल्य के आधार पर किया जाता है।

## (m) प्रतिशेयर आय

प्रतिशेयर मूल्य का निर्धारण, कर पश्चात शुद्ध लाभ को वर्ष के दौरान अदत्त रहे समता अंशों की भारित औसत संख्या से भाग देकर किया जाता है। डायल्यूटेड प्रति अंश आय की गणना, कर पश्चात के लाभों को भारित औसत विधि से वर्ष के दौरान अदत्त रहे भारित औसत समता अंशों की संख्या (एंटी डाइल्यूटेड समता अंशों की संख्याओं को छोड़कर) से भाग देकर किया जाता है।

## (n) आय पर कर

आयकर में चालू कर तथा स्थगित कर शामिल हैं। चालू कर, कर की वह राशि है जो आयकर अधिनियम, 1961 के प्रावधानों के अनुसार निर्धारित वर्ष के लिए कर योग्य आय देय है।

स्थगित कर को समय के अंतराल से जाना जाता है। कर योग्य आय तथा लेखांकन आय में अंतर के कारण जो एक समयाविधि में अर्जित हुए है। जिसको उसके बाद की एक या उससे अधिक अवधि में वापस किया जा सकता है। स्थगित कर की गणना की दर तथा गणना की तिथि को लागू होने वाले कर के नियमों के आधार पर की जाती है। स्थगित कर दायित्वों की गणना सभी विभिन्न समयाविधियों के लिए की जाती है। स्थगित कर सम्पत्तियों की पहचान विभिन्न मदों की समय भिन्नता के आधार पर (गैर शोषित मूल्य ह्रास एवं आगे ले जाई गई हानियों को छोड़कर) यह मानते हुए की भविष्य में पर्याप्त भावी कर योग्य आय उपलब्ध होगी जिससे इनकी वसूली की जा सकती है। इस प्रकार अगर कोई गैर शोषित मूल्य ह्रास एवं आगे ले जाई गई हानियां बचती हैं तो पर्याप्त भावी कर योग्य आय सम्पत्तियों की वसूलियों हेतु उपलब्ध रहेगी। स्थगित कर सम्पत्तियों तथा दायित्वों का समायोजन किया जाता है यदि ऐसे मद लागू होने वाले समान कर प्रावधानों के आधार पर हैं तथा कम्पनी को इस प्रकार के समायोजन को कानूनी तौर पर लागू करने का अधिकार है।

## (o) ऋण की लागत

ऋण की लागत में ब्याज तथा उससे सम्बन्धित विभिन्न लागतों को शामिल किया जाता है। ऋण की लागत वह लागत है, जो प्रत्यक्ष रूप से किसी भी संपत्ति को प्राप्त करने अथवा बनाने में अथवा किसी अवधि विशेष के दौरान उस संपत्ति के निर्माण/विकास की गतिविधियों को पूरा करने में उसके पूंजीकरण तक लगायी जाती हैं और इस प्रकार की लागत को उस पूंजीकृत संपत्ति की लागत ही माना जाता है। शेष सभी ऋण की लागतों को खर्चे मानकर लाभ–हानि विवरण में उस वर्ष में दिखाया जाता है जिस वर्ष में यह खर्चा किया जाता है।

## (p) सम्पत्तियों के क्षति से हानि

प्रत्येक आर्थिक चिट्ठे की तिथि को कम्पनी सम्पत्तियों के मूल्यों की समीक्षा यह निर्धारण करने के लिए करती है कि कोई ऐसा लक्षण तो प्रकट नहीं हो रहा जिससे कम्पनी की सम्पत्तियों को किसी प्रकार की कोई क्षति/हानि हुई हो। अगर ऐसा कोई लक्षण प्रकट होता है तो उस संपत्ति के वसूल किये जा सकने योग्य मूल्य का निर्धारण उसे संपत्ति को हुई क्षति के मूल्यांकन के लिए किया जाता है। किसी भी संपत्ति से वसूल की जा सकने वाली राशि उस संपत्ति के शुद्ध विक्रय मूल्य तथा प्रयोग किये गए मूल्य से अधिक है। प्रयोग की गयी संपत्ति के मूल्य का निर्धारण करने में अनुमानित भावी रोकड़ प्रवाह यह मानते हुए कि यह सम्पत्ति नियमित रहेगी तथा इसके निस्तारण से प्राप्त आय को उसके वर्तमान मूल्य में से एक पूर्व – बट्टा दर जो कि वर्तमान बाजार दर को उस समय पर धन की कीमत तथा उस संपत्ति की क्षति की वापसी को लाभ–हानि खाते में आय के रूप में माना जाता है।

## (q) प्रावधान एवं आकस्मिक व्यय

एक प्रावधान तब माना जाता है जब किसी पूर्व कालिक घटना के कारण वर्तमान में कोई दायित्व उत्पन्न होता है तथा यह भी सम्भावना है कि इस प्रकार के दायित्व को पूरा करने के लिए स्त्रोतों का बहिर्गमन होगा, जिसके लिए उचित अनुमान लगाये जा सकें। प्रावधानों (कर्मचारियों के लाभों को छोड़कर) को उनके वर्तमान मूल्यों पर भुनाया नहीं जाता है, तथा आर्थिक चिट्ठा बनाने की तिथि को इस प्रकार के दायित्वों का निर्धारण सर्वश्रेष्ठ पैमानों के आधार पर किया जाता है। प्रत्येक आर्थिक चिट्ठे की तिथि इनकी समीक्षा की जाती है तथा वर्तमान सर्वश्रेष्ठ अनुमानों को दर्शाने हेतु समायोजित किया जाता है। आकस्मिक सम्पत्तियों को वित्तीय विवरण में दर्शाया नहीं जाता है। आकस्मिक दायित्वों को नोट लगाकर दर्शाया जाता है।

## (r) लीज

कोई भी ऐसी लीज व्यवस्था जिसमें जोखिम तथा प्रतिफल की घटनाएं उस संपत्ति के स्वामित्व में निहित होती हैं, तो ऐसे लीज को संचालनात्मक लीज के रूप में जाना जाता है। संचालन लीज के अंतर्गत लीज किराये को लाभ–हानि खाते के विवरण अंतर्गत सीधी रेखा पद्धति के आधार पर दर्शाया जाता है।

## (s) महत्वपूर्ण घटनाएँ

आर्थिक चिट्ठे की तिथि के बाद होने वाली महत्वपूर्ण घटनाओं को जानकारी में लाया जाता है।

## (t) संचालन चक्र

कम्पनी के उत्पादों एवं क्रियाओं की प्रकृति तथा सम्पत्तियों के क्रय एवं उनकी रोकड़ अथवा रोकड़ तुल्य के रूप में वसूली के आधार पर कम्पनी ने अपने संचालन चक्र की अवधि इसकी सम्पत्तियों तथा दायित्वों के चालू एवं गैर चालू वर्गीकरण के उद्देश्य से 12 माह रखी है।

# सहज मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड

टिप्पणियाँ वित्तीय विवरण का ही एक भाग हैं।

## Note 3 : अंश पूँजी

| क्र. सं. | विवरण | 31 मार्च, 2023 को स्थिति | | 31 मार्च, 2022 को स्थिति | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | अंशों की संख्या | राशि (₹ लाख में) | अंशों की संख्या | राशि (₹ लाख में) |
| (a). | **अधिकृत अंश पूंजी**<br>प्रति समता अंश राशि रू. 100/– | 45.00 | 4,500.00 | 45.00 | 4,500.00 |
| (b) | **जारी की गयी, सदस्यों द्वारा ली गयी और पूर्ण प्रदत्त अंश पूँजी**<br>प्रति समता अंश राशि रू. 100/– | 28.56 | 2,856.17 | 29.79 | 2,979.37 |

नीचे दिये गये नोट संख्या (i) से (v) देखें :–

नोट्स :–

(i) **अंशों से संबद्ध अधिकार, वरीयता तथा प्रतिबंध**

कम्पनी ने एक श्रेणी के रू. 100/– अंकित मूल्य वाले समता अंश जारी किये हैं। प्रत्येक सदस्य को एक वोट देने का अधिकार है। कम्पनी के अन्तर्नियमों के अनुसार प्रत्येक सदस्य सीमित प्रतिफल तथा बोनस का अधिकारी है।

(ii) **वर्ष के प्रारम्भ, समापन पर समता अंशों, संख्याओं तथा अदत्त राशियों का मिलान :**

| क्र. सं. | विवरण | 31 मार्च, 2023 को स्थिति | | 31 मार्च, 2022 को स्थिति | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | अंशों की संख्या | राशि (₹ लाख में) | अंशों की संख्या | राशि (₹ लाख में) |
| | वर्ष/अवधि की शुरूआत के बकाया अंश | 29.79 | 2,979.37 | 29.21 | 2,921.63 |
| | वर्ष के दौरान जारी किये गये अंश | 3.88 | 387.89 | 5.09 | 509.22 |
| | वर्ष के दौरान निरस्त एवं समर्पण अंश | (5.11) | (511.09) | (4.51) | (451.48) |
| | वर्ष के समापन पर अदत्त अंश | 28.56 | 2,856.17 | 29.79 | 2,979.37 |

(iii) वित्तीय वर्ष के ठीक पहले के 5 वर्ष के दौरान नकद या बोनस शेयरों के अलावा किसी अन्य प्रतिफल के लिये कोई शेयर जारी नहीं किया गया है।

(iv) कम्पनी का पंजीयन कम्पनी अधिनियम, 1956 के भाग IXA के तहत् एक उत्पादक कम्पनी के रूप में हुआ है तथा कम्पनी एक्ट 2013 के अनुसार किसी भी सदस्य के पास 5% से ज्यादा अंश पूंजी नहीं है।

# सहज मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड

टिप्पणियाँ वित्तीय विवरण का ही एक भाग हैं।

(iv) प्रमोटरों द्वारा रखे गये शेयरों का विवरण

| क्र. सं. | प्रमोटरों का नाम | 31 मार्च 2023 | | 31 मार्च 2022 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | शेयरों की संख्या | कुल प्रतिशत | शेयरों की संख्या | कुल प्रतिशत | % परिवर्तन |
| 1 | दिग्विजय सिंह | 150.00 | 0.005% | 150.00 | 0.005% | 0.000% |
| 2 | महेश चन्द्र | 80.00 | 0.003% | 80.00 | 0.003% | 0.000% |
| 3 | शिव सिंह | 150.00 | 0.005% | 150.00 | 0.005% | 0.000% |
| 4 | चन्द्रपाल सिंह | 60.00 | 0.002% | 60.00 | 0.002% | 0.000% |
| 5 | मुरारीलाल | 127.00 | 0.004% | 127.00 | 0.004% | 0.000% |
| 6 | प्रवीन कुमार | 60.00 | 0.002% | 60.00 | 0.002% | 0.000% |
| 7 | मनोहर लाल | 30.00 | 0.001% | 30.00 | 0.001% | 0.000% |
| 8 | विनीता दुबे | 160.00 | 0.005% | 160.00 | 0.005% | 0.000% |
| 9 | भगवान सहाय | 74.00 | 0.002% | 74.00 | 0.002% | 0.000% |
| 10 | चन्द्रभान सिंह | 86.00 | 0.003% | 86.00 | 0.003% | 0.000% |
| 11 | नेत्रपाल सिंह | 117.00 | 0.004% | 117.00 | 0.004% | 0.000% |

## Note 4 : संचय एवं अधिशेष

(राशि ₹ लाख में)

| क्र. सं. | विवरण | 31 मार्च, 2023 को स्थिति | 31 मार्च, 2022 को स्थिति |
|---|---|---|---|
| (a). | **सामान्य संचय** | | |
| | प्रारम्भिक रहतिया | 6,073.78 | 5,370.57 |
| | **जोडें** – लाभ हानि खातों के अधिशेष से हस्तान्तरित | – | 703.21 |
| | **अंतिम शेष** | 6,073.78 | 6,073.78 |
| (b) | **लाभ एवं हानि विवरण में अधिशेष** | | |
| | प्रारम्भिक शेष | 195.93 | 269.04 |
| | अवधि का लाभ / (हानि) | (400.63) | 834.57 |
| | **घटाएं** | | |
| | (i) सदस्यों को प्रस्तावित प्रतिफल (रू. 7 प्रति अंश) वर्ष 2022–23 और (रू. 7 प्रति अंश) वर्ष 2021–22 | 208.54 | 204.47 |
| | (ii) सामान्य संचय में अंतरित | – | 703.21 |
| | अंतिम शेष | (413.24) | 195.93 |
| | **योग (a+b)** | 5,660.54 | 6,269.71 |

## Note 5 : आस्थगित अनुदान

(राशि ₹ लाख में)

| क्र. सं. | विवरण | 31 मार्च, 2023 को स्थिति | 31 मार्च, 2022 को स्थिति |
|---|---|---|---|
| | प्रारम्भिक रहतिया | 626.85 | 767.97 |
| | घटाये : मूल्यह्रास की संपत्ति से सम्बन्धित पूँजी अनुदान से प्राप्त कर लिया (नोट : 12) | 125.61 | 141.12 |
| | अन्तिम रहतिया | | |
| | | 501.24 | 626.85 |

# सहज मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड

टिप्पणियाँ वित्तीय विवरण का ही एक भाग हैं।

**Note 6 : अन्य दीर्घकालिक देयताऐं** (राशि ₹ लाख में)

| क्र. सं. | विवरण | 31 मार्च, 2023 को स्थिति | 31 मार्च, 2022 को स्थिति |
|---|---|---|---|
| (a). | व्यापार/सुरक्षा जमा प्राप्त | 754.20 | 764.47 |
| | | 754.20 | 764.47 |

**Note 7 : दीर्घकालीन प्रावधान**

| क्र. सं. | विवरण | 31 मार्च, 2023 को स्थिति | 31 मार्च, 2022 को स्थिति |
|---|---|---|---|
| (a). | कर्मचारी लाभों हेतु प्रावधान | | |
| | (i) प्रतिपूर्ति अनुपस्थितियों हेतु (फण्ड का शुद्ध मूल्य रु. 197.09 लाख विगत वर्ष रु. 178.41 लाख है) | 14.07 | 46.37 |
| | (ii) ग्रेच्युटी के लिये | – | 1.36 |
| | | 14.07 | 47.73 |

**Note 8 : लघु अवधि की उधारी**

| क्र. सं. | विवरण | 31 मार्च, 2023 को स्थिति | 31 मार्च, 2022 को स्थिति |
|---|---|---|---|
| **(a)** | **बिल में छूट की सुविधा** | 9,480.73 | 9,473.30 |
| | | 9,480.73 | 9,473.30 |

*कंपनी बिल डिस्काउण्टिंग के अन्तर्गत बिल जारी करने की दिनांक से 90 दिनों की अवधि हेतु पात्र है। ब्याज की दरें 5.31% प्रति वर्ष (विगत वर्ष के रेपो रेट + 4.69%)

**Note 9 : व्यावसायिक देनदारियां**

| क्र. सं. | विवरण | 31 मार्च, 2023 को स्थिति | 31 मार्च, 2022 को स्थिति |
|---|---|---|---|
| (a). | लघु एवं सूक्ष्म संस्थानों की कुल बकाया राशि (See Note 34) | 108.48 | 149.61 |
| (b). | सूक्ष्म और लघु उद्योगों के अतिरिक्त अन्य लेनदारों की कुल बकाया राशि | 3,596.85 | 2,615.80 |
| | | 3,705.33 | 2,765.41 |

**Note No. 9.1 :** 31 मार्च, 2023 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए व्यापार देय एजिंग की सूची :–

| विवरण | 1 वर्ष से कम | 1–2 वर्ष | 2–3 वर्ष | 3 वर्ष से अधिक | कुल योग |
|---|---|---|---|---|---|
| एम.एस.एम.ई. | 108.48 | – | – | – | 108.48 |
| अन्य | 3,589.86 | 1.63 | 1.55 | 3.81 | 3,596.85 |
| विवादित देय राशि एम.एस.एम.ई. | – | – | – | – | – |
| विवादित देय राशि अन्य | – | – | – | – | – |
| **कुल योग** | 3,698.34 | 1.63 | 1.55 | 3.81 | 3,705.33 |

# सहज मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड

टिप्पणियाँ वित्तीय विवरण का ही एक भाग हैं।

**Note No. 9.2 :** 31 मार्च 2022 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए व्यापार देय एजिंग की सूची। (राशि ₹ लाख में)

| विवरण | 1 वर्ष से कम | 1–2 वर्ष | 2–3 वर्ष | 3 वर्ष से अधिक | कुल योग |
|---|---|---|---|---|---|
| एम.एस.एम.ई. | 149.61 | – | – | – | 149.61 |
| अन्य | 2,609.02 | 0.83 | 1.43 | 4.52 | 2,615.80 |
| विवादित देय राशि एम.एस.एम.ई. | – | – | – | – | – |
| विवादित देय राशि अन्य | – | – | – | – | – |
| कुल योग | 2,758.63 | 0.83 | 1.43 | 4.52 | 2,765.41 |

## Note 10 : अन्य चालू दायित्व

| क्र. सं. | विवरण | 31 मार्च, 2023 को स्थिति | 31 मार्च, 2022 को स्थिति |
|---|---|---|---|
| (a). | अर्जित ब्याज लेकिन उधारी पर देय नहीं | 58.99 | 69.98 |
| (b) | गैर दावे/गैर भुगतान लाभांश | 18.10 | 21.36 |
| (c) | वैधानिक देय | 57.54 | 69.89 |
| (d) | अनुदान (उपयोग का शुद्ध) प्राप्त | 208.61 | 213.18 |
| (e) | ग्राहकों से अग्रिम प्राप्ति | 53.16 | 49.11 |
| | | 396.40 | 423.52 |

## Note 11 : अल्पकालीन प्रावधान

| क्र. सं. | विवरण | 31 मार्च, 2023 को स्थिति | 31 मार्च, 2022 को स्थिति |
|---|---|---|---|
| (a). | कर्मचारी लाभों हेतु प्रावधान | | |
| | (i) प्रतिपूर्ति अनुपस्थितियों हेतु | 64.20 | 46.73 |
| | | 64.20 | 46.73 |

## Note 13 : स्थगित कर आस्तियां (शुद्ध)

| क्र. सं. | विवरण | 31 मार्च, 2023 को स्थिति | 31 मार्च, 2022 को स्थिति |
|---|---|---|---|
| (i). | उन मदों का कर प्रभाव जो स्थगित कर सम्पत्तियों का भाग हैं | | |
| | a. प्रतिपूर्ति/ग्रेच्युटी अनुपस्थितियों हेतु प्रावधान | 20.00 | 23.00 |
| | b. खाता पुस्तकों एवं सम्पत्ति, प्लान्ट उपकरणों पर कर के मध्य अन्तर | 156.59 | 141.89 |
| | c. संदिग्ध डेबिट के लिए प्रावधान | 1.20 | 1.20 |
| | | 177.79 | 166.09 |
| | शुद्ध स्थगित कर संपत्ति | 177.79 | 166.09 |

# सहज मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड

टिप्पणियाँ वित्तीय विवरण का ही एक भाग हैं।

## Note 14 : दीर्घकालीन ऋण एवं अग्रिम

(राशि ₹ लाख में)

| क्र. सं. | विवरण | 31 मार्च, 2023 को स्थिति | 31 मार्च, 2022 को स्थिति |
|---|---|---|---|
| | असुरक्षित एवं उचित माने गये | | |
| (a) | जमा सुरक्षा राशि | 18.72 | 18.85 |
| (b) | जमा प्राप्तियाँ | 17.57 | 16.20 |
| (c) | एडवांस टैक्स (स्त्रोत पर कर कटौती सहित) | 268.91 | 10.25 |
| (d) | ग्रेच्यूटी (शुद्ध ग्रेच्यूटी फण्ड रूपये 167.77 लाख, | 5.78 | – |
| | वित्तिय वर्ष रूपये 143.31 लाख) | 310.98 | 45.30 |

## Note 15 : स्टॉक

| क्र. सं. | विवरण | 31 मार्च, 2023 को स्थिति | 31 मार्च, 2022 को स्थिति |
|---|---|---|---|
| | (स्टॉक लागत एवं वसूली मूल्य जो कम हो उस पर) | | |
| (a) | स्टॉक इन ट्रेड | | |
| | (i) कच्चा दूध | 354.27 | 287.66 |
| | (ii) पारगमन में कच्चा दूध | 290.24 | 152.99 |
| | (iii) अन्य व्यापारिक सामग्री | 272.70 | 220.41 |
| | (iv) भण्डारण और पुर्जे | 263.01 | 212.87 |
| | | 1,180.22 | 873.93 |

## Note 16 : व्यवसायिक लेनदारियां

| क्र. सं. | विवरण | 31 मार्च, 2023 को स्थिति | 31 मार्च, 2022 को स्थिति |
|---|---|---|---|
| 1. | **सुरक्षित एवं उचित माने गए** | | |
| (a) | देय तिथि से 6 माह से कम अवधि के लिए बकाया | | |
| | अच्छा माना जाता है | | |
| | संदिग्ध माना जाता है | – | – |
| (b) | संदिग्ध ऋणों के लिये प्रावधान | 11.76 | 22.21 |
| | अन्य | 11.76 | 22.21 |
| 2. | **असुरक्षित एवं उचित माने गए** | | |
| (a) | देय तिथि से 6 माह से कम अवधि के लिए बकाया | 0.01 | – |
| | अच्छा माना जाता है | 4.75 | 4.75 |
| | संदिग्ध माना जाता है | 4.76 | 4.75 |
| | | 4.75 | 4.75 |
| | घटायें – | 0.01 | – |
| | संदिग्ध ऋणों के लिये प्रावधान | 10,451.19 | 11,688.11 |
| (b) | अन्य | 10,451.19 | 11,688.11 |
| | उचित माना जाता है। | | |
| | | 10,462.96 | 11,710.32 |

# सहज मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड

टिप्पणियाँ वित्तीय विवरण का ही एक भाग हैं।

**Note 16.1 :** 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए व्यापार एजिंग की सूची – (राशि ₹ लाख में)

| | विवरण | 6 माह से कम | 6 माह से 1 वर्ष तक | 1 वर्ष से 2 वर्ष तक | 2 वर्ष से 3 वर्ष तक | 3 वर्ष से अधिक | कुल योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (i) | निर्विवाद व्यापार से प्राप्तियां | | | | | | |
| | (i) माल पर विचार करना | 10,462.95 | 0.01 | – | – | – | 10,462.96 |
| | (ii) संदिग्ध माल पर विचार | – | – | – | – | 4.75 | 4.75 |
| (ii) | विवादित व्यापार से प्राप्तियाँ | | | | | | |
| | (i) माल पर विचार करना | – | – | – | – | – | – |
| | (ii) संदिग्ध माल पर विचार | – | – | – | – | – | – |
| | | 10,462.95 | 0.01 | – | – | 4.75 | 10,467.71 |
| | कम – संदिग्ध ऋणों के लिए कम प्रावधान | – | – | – | – | 4.75 | 4.75 |
| | कुल योग | 10,462.95 | 0.01 | – | – | – | 10,462.96 |

**Note 16.2 :** 31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष के लिए व्यापार एजिंग की सूची –

| | विवरण | 6 माह से कम | 6 माह से 1 वर्ष तक | 1 वर्ष से 2 वर्ष तक | 2 वर्ष से 3 वर्ष तक | 3 वर्ष से अधिक | कुल योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (i) | निर्विवाद व्यापार से प्राप्तियां | | | | | | |
| | (i) माल पर विचार करना | 11,710.32 | – | – | – | – | 11,710.32 |
| | (ii) संदिग्ध माल पर विचार | – | – | – | – | 4.75 | 4.75 |
| (i) | विवादित व्यापार से प्राप्तियाँ | | | | | | |
| | (i) माल पर विचार करना | – | – | – | – | – | – |
| | (ii) संदिग्ध माल पर विचार | – | – | – | – | – | – |
| | | 11,710.32 | – | – | – | 4.75 | 11,715.07 |
| | संदिग्ध ऋणों के लिए कम प्रावधान | – | – | – | – | 4.75 | 4.75 |
| | कुल योग | 11,710.32 | – | – | – | – | 11,710.32 |

## Note 17: रोकड़ तथा रोकड़ समान

| क्र. सं. | विवरण | 31 मार्च, 2023 को स्थिति | 31 मार्च, 2022 को स्थिति |
|---|---|---|---|
| (a). | रोकड़ तथा रोकड़ समान | | |
| | (i) बैंक शेष | | |
| | a) चालू खाते, रोकड़ तथा रोकड़ समान, रोकड़ प्रवाह विवरण AS-3 के अनुसार | 2,231.62 | 295.23 |
| | | 2,231.62 | 295.23 |
| (b). | अन्य बैंक शेष | | |
| | (i) बैंक में जमा, वास्तविक परिपक्वता तिथि से 3 माह से अधिक और 12 माह तक | 7,510.75 | 8,316.82 |
| | (ii) निर्धारित खाते में अवैतनिक लाभांश खातों में | 18.10 | 21.36 |
| | | 9,760.47 | 8,633.41 |

# सहज मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड

टिप्पणियाँ वित्तीय विवरण का ही एक भाग हैं।

## Note 18 : अल्पकालीन ऋण एवं अग्रिम

(राशि ₹ लाख में)

| क्र. सं. | विवरण | 31 मार्च, 2023 को स्थिति | 31 मार्च, 2022 को स्थिति |
|---|---|---|---|
| | (असुरक्षित एवं उचित माने गये) | | |
| (a) | विक्रेताओं को अग्रिम | 119.96 | 70.42 |
| (b) | पूर्वदान्त व्यय | 25.39 | 56.16 |
| | | 145.35 | 126.58 |

## Note 19 : अन्य तरल आस्तियां

| क्र. सं. | विवरण | 31 मार्च, 2023 को स्थिति | 31 मार्च, 2022 को स्थिति |
|---|---|---|---|
| | (असुरक्षित एवं उचित माने गए) | | |
| (a) | **अर्जित ब्याज** किया गया लेकिन बैंक में जमा नहीं | 344.92 | 358.10 |
| | | 344.92 | 358.10 |

## Note 20 : व्यवसाय से आय

| क्र. सं. | विवरण | 31 मार्च, 2023 को स्थिति | 31 मार्च, 2022 को स्थिति |
|---|---|---|---|
| (a). | उत्पादों की बिक्री (नोट (i) देखें) | 81,436.03 | 82,832.44 |
| | | 81,436.03 | 82,832.44 |

**Note :**

### विक्रय किये गए उत्पाद

| क्र. सं. | विवरण | 31 मार्च, 2023 को स्थिति | 31 मार्च, 2022 को स्थिति |
|---|---|---|---|
| **(i)** | **व्यावसायिक माल** | | |
| | a) कच्चा दूध | 69,837.47 | 71,902.98 |
| | b) पॉलीपैक दूध | 6,790.29 | 6,012.56 |
| | c) दूध के उत्पाद | 2,823.53 | 2,365.75 |
| | d) पशु आहार | 1,761.58 | 2,334.63 |
| | e) वीर्य | 223.16 | 216.52 |
| | **कुल योग** | 81,436.03 | 82,832.44 |

# सहज मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड

टिप्पणियाँ वित्तीय विवरण का ही एक भाग हैं।

## Note 21 : अन्य आय

(राशि ₹ लाख में)

| क्र. सं. | विवरण | 31 मार्च, 2023 को स्थिति | 31 मार्च, 2022 को स्थिति |
|---|---|---|---|
| (a) | ब्याज से आय | | |
| | (i) बैंक जमाओं पर | 463.72 | 449.98 |
| | (ii) अन्य जमा LIC सहित (ग्रेचुएटी और नकदीगरण) | 23.33 | 19.17 |
| (b) | गैर व्यावसायिक आय | | |
| | (i) सदस्यता शुल्क | 13.66 | 14.76 |
| | (ii) देयता जो लिखित रूप से आवश्यक नही है | 7.11 | 75.37 |
| | (iii) बीमा से आय | 5.00 | 1.69 |
| | (iv) विविध आय | 7.89 | 25.50 |
| | | 520.71 | 586.47 |

## Note 22 : स्टॉक इन ट्रेड की खरीद

| क्र. सं. | विवरण | 31 मार्च, 2023 को स्थिति | 31 मार्च, 2022 को स्थिति |
|---|---|---|---|
| (a) | कच्चा दूध | 65,563.70 | 65,819.17 |
| (b) | पॉली पैक दूध और दुग्ध उत्पाद | 8,372.06 | 7,052.26 |
| (c) | पशु आहार | 1,542.66 | 1,979.31 |
| (d) | वीर्य | 134.02 | 130.24 |
| (e) | पैकिंग सामग्री | 324.58 | 285.96 |
| | | 75,937.02 | 75,266.94 |

## Note 23 : तैयार माल के स्टॉक एवं स्टॉक इन ट्रेड में बदलाव

| क्र. सं. | विवरण | 31 मार्च, 2023 को स्थिति | 31 मार्च, 2022 को स्थिति |
|---|---|---|---|
| (a) | वर्ष के प्रारम्भ में रहतिया | 661.06 | 561.29 |
| (b) | वर्ष के समापन पर रहतिया | 917.21 | 661.06 |
| | | (256.15) | (99.77) |

## Note 24 : कर्मचारी हित सम्बन्धी खर्चे

| क्र. सं. | विवरण | 31 मार्च, 2023 को स्थिति | 31 मार्च, 2022 को स्थिति |
|---|---|---|---|
| (a) | वेतन एवं मजदूरी | 960.79 | 969.15 |
| (b) | भविष्य निधि कोष में योगदान (नोट 28 देखें) | 111.94 | 112.28 |
| (c) | कर्मचारी कल्याण पर व्यय | 13.96 | 26.86 |
| | | 1,086.69 | 1,108.29 |

# सहज मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड

टिप्पणियाँ वित्तीय विवरण का ही एक भाग हैं।

**Note 25 : वित्तीय लागत** (राशि ₹ लाख में)

| क्र. सं. | विवरण | 31 मार्च, 2023 को स्थिति | 31 मार्च, 2022 को स्थिति |
|---|---|---|---|
| (a) | व्ययों पर ब्याज | | |
| (i) | बिल डिस्काउंटिंग | 421.54 | 189.46 |
| (b) | आयकर भुगतान में विलम्ब पर ब्याज | 0.22 | 1.14 |
| | | 421.76 | 190.60 |

**Note 26 : अन्य व्यय**

| क्र. सं. | विवरण | 31 मार्च, 2023 को स्थिति | 31 मार्च, 2022 को स्थिति |
|---|---|---|---|
| (a) | स्टोर्स तथा स्पेयर्स उपभोग | 201.25 | 463.42 |
| (b) | पावर एवं फ्यूल | 12.24 | 11.14 |
| (c) | प्रसंस्करण शुल्क | 406.49 | 465.61 |
| (d) | किराया | 171.57 | 164.43 |
| (e) | दर तथा कर | 1.23 | 2.33 |
| (f) | मरम्मत एवं रखरखाव – मशीनरी | 541.23 | 412.26 |
| (g) | मरम्मत एवं रखरखाव – अन्य | 174.03 | 111.49 |
| (h) | विज्ञापन एवं व्यवसाय संवर्धन | 158.97 | 226.43 |
| (i) | अग्रिम भाड़ा एवं वितरण | 1,835.77 | 2,114.94 |
| (j) | बीमा व्यय | 48.37 | 62.68 |
| (k) | कानूनी और सलाहकारों का पारिश्रमिक | 214.60 | 191.70 |
| (l) | अंकेक्षकों का पारिश्रमिक | 18.74 | 17.35 |
| (m) | यात्रा एवं परिवहन व्यय | 204.47 | 212.71 |
| (n) | मजदूरी व्यय | 742.82 | 764.89 |
| (o) | सम्प्रेषण व्यय | 56.50 | 112.26 |
| (p) | कारपोरेट सोशल उत्तरदायित्व व्यय | 29.52 | 35.93 |
| (q) | अन्य व्यय | 81.21 | 62.27 |
| | | 4,899.01 | 5,431.84 |

**Note :**

**(i) अंकेक्षकों के पारिश्रमिक में निम्न शामिल है**

| क्र. सं. | विवरण | 31 मार्च, 2023 को स्थिति | 31 मार्च, 2022 को स्थिति |
|---|---|---|---|
| (a) | वैधानिक अंकेक्षण शुल्क | 13.18 | 12.20 |
| (b) | कर अंकेक्षण शुल्क | 2.70 | 2.50 |
| (c) | उपरोक्त पर वस्तु एवं सेवा कर | 2.86 | 2.65 |
| | | 18.74 | 17.35 |

# सहज मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड

**टिप्पणियाँ वित्तीय विवरण का ही एक भाग हैं।**

| (ii) : **कारपोरेट सोशल उत्तरदायित्व व्यय विवरण –** | | (राशि ₹ लाख में) |
|---|---|---|
| (a) वर्ष के दौरान कम्पनी द्वारा आवश्यक सकल धनराशि | 29.52 | 35.93 |
| (b) वर्ष के दौरान वास्तविक व्यय | | |
| (i) किसी सम्पत्ति का निर्माण एवं अधिग्रहण | – | – |
| (ii) बिन्दु संख्या 1 से पृथक उद्देश्य | 29.52 | 35.93 |
| | 29.52 | 35.93 |
| (iii) अव्ययित सी.एस.आर. खाते में हस्तांतरित राशि | – | – |
| (iv) वित्तीय वर्ष के दौरान खर्च की गयी अतिरिक्त धनराशि | – | – |
| (v) अगले वित्तीय वर्ष के लिए उपलब्ध सेट–ऑफ | – | – |
| (vi) सी.एस.आर. गतिविधियों की प्रवत्ति | – | – |

कम्पनी ने 29.52 लाख रू. (पिछले वर्ष 35.93 लाख रू.) की धनराशि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष में जमा कराये है।

## Note 27 : आकस्मिक देनदारियां एवं प्रतिबद्धताएं

| क्र. सं. | विवरण | 31 मार्च, 2023 को स्थिति | 31 मार्च, 2022 को स्थिति |
|---|---|---|---|
| (a) | आकस्मिक देनदारियां | | |
| (i) | FSSAI के मामले 2006 के धारा संख्या 26(2)(ii) | 46.90 | 44.00 |
| (ii) | UPGST अधिनियम 2017 के अन्तर्गत CGST अधिनियम 2017 | 3.41 | 3.41 |
| (b) | प्रतिबद्धताएं<br>शेष बचे अनुबन्धों को अनुमानिद राशि को पूँजी खाते पर निष्पादित किया जायेगा और इसके लिए प्रदान नहीं किया जायेगा। (अग्रिम भुगतान रू. शून्य एवं पिछले वर्ष रू. 6.45) | – | 6.45 |

## Note 28 : कर्मचारी लाभ योजनाएं
### कर्मचारी योगदान योजनाएं

कम्पनी अपने कर्मचारियों को भविष्य निधि तथा पेंशन निधि के रूप में निर्धारित लाभ योजनाएं प्रदान करती है। भविष्य निधि तथा परिवार पेंशन निधि में सभी नियमित कर्मचारी शामिल है। भविष्य निधि में योगदान को क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त के पास जमा कराया जाता है। कर्मचारी तथा कंपनी दोनों की पूर्वनिर्धारित योगदान, भविष्य निधि तथा पेंशन निधि कोष में जमा कराते है। आमतौर पर यह योगदान कर्मचारी के वेतन पर एक निश्चित अनुपात में होते है।

कम्पनी ने रू0 78.69 लाख (पिछले वर्ष 80.02 लाख रू0) की राशि को लाभ हानि खाते में भविष्य निधि तथा पेंशन निधि के लिये स्वीकृत किया है।

**निर्धारित लाभ योजना**

कम्पनी अपने कर्मचारियों को निर्धारित लाभ योजना के रूप में ग्रेच्युटी योजना (एक मुस्त राशि) प्रदान करती है। निर्धारित लाभ योजनाएं कर्मचारियों द्वारा सेवानिवृत्ति से पूर्व प्रदान की गयी सेवाओ के वर्षों तथा प्रतिपूर्ति के आधार पर प्रदान की जाती है। ग्रेच्युटी योजना में सभी नियमित कर्मचारी शामिल है। ग्रेच्युटी योजना हेतु कम्पनी भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा प्रशासित तथा

# सहज मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड

**टिप्पणियाँ वित्तीय विवरण का ही एक भाग हैं।**

आयकर प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित ट्रस्ट में योगदान देती है। प्रतिबद्धताओं का बीमांकिक निर्धारण वर्ष के अंत में किया जाता है। बीमांकिक राशि का निर्धारण प्रोजेक्ट यूनिट क्रेडिट पद्धति के आधार पर किया जाता है। अनुमानित बीमांकिक राशि में परतंत्र के कारण होने वाले लाभ/हानि को लाभ/हानि खाते से वसूला जाता है।

निम्न टेबल ग्रेच्युटी तथा वित्तीय विवरणों में निर्धारित लाभ योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत कोष में पोषित स्थिति को दर्शाती है।

**(i): निर्धारित लाभ दायित्वों में परिवर्तन** (राशि ₹ लाख में)

| क्र. सं. | विवरण | 31 मार्च, 2023 को स्थिति | 31 मार्च, 2022 को स्थिति |
|---|---|---|---|
| | वर्ष/अवधि की शुरूआत में दायित्वों का वर्तमान मूल्य | 144.66 | 119.10 |
| | ब्याज लागत | 10.04 | 7.82 |
| | वर्तमान सेवा लागत | 24.50 | 26.32 |
| | लाभ का भुगतान | (4.85) | (6.69) |
| | बीमांकिक (लाभ)/दायित्व पर घाटा | (12.36) | (1.89) |
| | वर्ष के प्रारम्भ में दायित्वों का वर्तमान मूल्य | 161.99 | 144.66 |

| क्र. सं. | विवरण | 31 मार्च, 2023 को स्थिति | 31 मार्च, 2022 को स्थिति |
|---|---|---|---|
| **(ii)** | **योजना संपत्तियों का उचित मूल्य** | | |
| | वर्ष की शुरूआत में योजना सम्पत्ति का उचित मूल्य | 143.30 | 115.44 |
| | योजनागत सम्पत्ति पर संभावित लाभ | 8.76 | 7.80 |
| | अंशदान | 13.73 | 22.81 |
| | लाभ का भुगतान | – | – |
| | निकासी | – | (2.12) |
| | योजना पर सम्पत्तियों पर बीमांकिक लाभ / (हानि) | 1.98 | (0.63) |
| | वर्ष के अंत में योजना संपत्ति की वापसी | 167.77 | 143.30 |

कम्पनी ने ग्रेच्युटी योजना के सम्बन्ध में कम्पनी के दायित्वों को पूरा करने के लिये भारतीय जीवन बीमा निगम से पॉलिसी ली है।

| क्र. सं. | विवरण | 31 मार्च, 2023 को स्थिति | 31 मार्च, 2022 को स्थिति |
|---|---|---|---|
| | **योजना संपत्ति की वापसी** | | |
| | योजनागत संपत्ति पर संभावित लाभ | 8.76 | 7.80 |
| | योजना संपत्तियों पर वास्तविक लाभ/हानि | 1.98 | (0.63) |
| | योजना संपत्ति पर वास्तविक प्रतिफल | 10.74 | 7.17 |

# सहज मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड

टिप्पणियाँ वित्तीय विवरण का ही एक भाग हैं।

(राशि ₹ लाख में)

| क्र. सं. | विवरण | 31 मार्च, 2023 को स्थिति | 31 मार्च, 2022 को स्थिति |
|---|---|---|---|
| **(iv)** | **आर्थिक चिट्ठे में स्वीकृत की गयी राशि** | | |
| | निर्धारित लाभ दायित्वों का वर्तमान मूल्य योजना | 161.99 | 144.66 |
| | सम्पत्तियों का उचित मूल्य | 167.77 | 143.30 |
| | आर्थिक चिट्ठे में स्वीकृत शुद्ध दायित्व/सम्पत्ति | (5.78) | 1.36 |

**(v) : लाभ और हानि विवरण में मान्यता प्राप्त व्यय**

| क्र. सं. | विवरण | 31 मार्च, 2023 को स्थिति | 31 मार्च, 2022 को स्थिति |
|---|---|---|---|
| | वर्तमान सेवा लागत | 24.50 | 26.32 |
| | व्याज लागत | 10.04 | 7.82 |
| | योजनागत आस्तियों पर अपेक्षित प्रतिफल | (8.75) | (7.80) |
| | वर्ष के दौरान मान्यता प्राप्त शुद्ध वास्तविक लाभ/हानि | (14.35) | (1.26) |
| | लाभ और हानि के विवरण में मान्यता प्राप्त व्यय | 11.44 | 25.08 |

**(vi) : चिट्ठे का मिलान**

| क्र. सं. | विवरण | 31 मार्च, 2023 को स्थिति | 31 मार्च, 2022 को स्थिति |
|---|---|---|---|
| | वर्ष की समाप्ति पर शुद्ध दायित्व | 144.66 | 119.10 |
| | शुरूआती वर्ष में योजना के आकलन का उचित मूल्य | 143.30 | 115.44 |
| | वर्ष के प्रारम्भ में शुद्ध दायित्व | 1.36 | 3.66 |
| | लाभ और हानि के विवरण में मान्यता प्राप्त व्यय | 11.44 | 25.08 |
| | योगदान | 13.73 | 22.81 |
| | लाभ का भुगतान | (4.85) | (6.69) |
| | निकासी | – | 2.12 |
| | **वर्ष के अन्त में देयता (संपत्ति)** | (5.78) | 1.36 |

**(vii) : मुख्य बीमांकिक अनुमान**

| क्र. सं. | विवरण | 31 मार्च, 2023 को स्थिति | 31 मार्च, 2022 को स्थिति |
|---|---|---|---|
| | छूट की दर | 7.37% प्रतिवर्ष | 7.24% प्रतिवर्ष |
| | अनुमानित वेतन वृद्धि | 10.00% प्रतिवर्ष | 10.00% प्रतिवर्ष |
| | योजना सम्पत्तियों पर | 5.83% प्रतिवर्ष | 6.20% प्रतिवर्ष |
| | संघर्षण दर | 10.00% प्रतिवर्ष | 8.00% प्रतिवर्ष |
| | शेष कार्यकारी जीवन | 20.19 वर्ष | 20.70 वर्ष |
| | प्रयुक्त मृत्यु दर सारणी | IAL 2012-14 Ultimate | IAL 2012-14 Ultimate |

बट्टे की दर चिट्ठे की तिथि को भारत सरकार की प्रतिभूतियों पर प्रचलित बाजार लाभ पर निर्भर करती है।
सामान मुख्य बीमांकिक मान्यताओं का प्रयोग प्रतिपूर्ति अनुपस्थितियों की गणना हेतु किया जाता है।

## सहज मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड

टिप्पणियाँ वित्तीय विवरण का ही एक भाग हैं।

**(viii) : अनुभव समायोजन** (राशि ₹ लाख में)

| क्र. सं. | विवरण | 31 मार्च, 2023 को स्थिति | 31 मार्च, 2022 को स्थिति | 31 मार्च, 2021 को स्थिति | 31 मार्च, 2020 को स्थिति | 31 मार्च, 2019 को स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | निर्धारित लाभ प्रतिबद्धता का वर्तमान मूल्य | 161.99 | 144.66 | 119.10 | 88.78 | 50.04 |
| | योजना सम्पत्तियों का उचित मूल्य | 167.77 | 143.30 | 115.44 | 86.56 | 75.03 |
| | पोषित स्थिति | (5.78) | 1.36 | 3.66 | 2.22 | (24.99) |
| | प्रतिबद्धताओं पर लाभ/हानि | 12.36 | 1.89 | (0.03) | (11.85) | 2.08 |
| | योजना सम्पत्तियों पर लाभ/हानि | 1.98 | (0.63) | (2.27) | (1.63) | – |

**(ix)** मुआवजे की अनुपस्थिति के लिये देयता के मूल्यांकन के लिए उपयोग की जाने वाली बीमांकिक धारणायें उपरोक्त 7 के समान है।

**Note 29 :** सामाजिक सुरक्षा पर कोड–2020 (कोड) रोजगार के दौरान और रोजगार के बाद कर्मचारी लाभ से सम्बन्धित, सितम्बर 2020 में राष्ट्रपति की सहमति प्राप्त हुयी। कोर्ड को भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया गया है, हालांकि जिस तारीख को कोड लागू होगा, उसे अधिसूचित किया जाना बाकी है। जब कोड और नियमों को अधिसूचित किया जायेगा तो कम्पनी प्रभाव का आंकलन करेगी। जब कोड और नियम प्रभावी हो जायेंगे तो उस अवधि में किसी भी सम्बन्धित प्रभाव को लेखांकित करेगी।

**Note 30 : लीज व्यवस्था**

कंपनी ने अपने कार्यालय परिसर के लिए परिचालन पट्टे की व्यवस्था में प्रवेश किया है। पट्टा 9 साल की अवधि के लिए 4 साल की गैर रद्दीकरण अवधि पर है। पट्टा समझौता हर 3 साल के बाद 15% की वृद्धि के लिए मान्य है। पट्टे के खर्चे रू. 171.52 लाख (पिछले वर्ष रू.164.43 लाख जो कि लाभ और हानि चिट्ठे में वर्णित है।)

| भविष्य में न्यूनतम पट्टे का भुगतान | 31 मार्च, 2023 को स्थिति | 31 मार्च, 2022 को स्थिति |
|---|---|---|
| एक वर्ष बाद देय नहीं | 36.86 | 51.44 |
| एक वर्ष बाद देय पर पाँच वर्ष बाद देय नहीं | 38.34 | 75.20 |
| | 75.20 | 126.64 |

**Note 31 : प्रति समता अंश आय**

| क्र. सं. | विवरण | Unit | 31 मार्च, 2023 को स्थिति | 31 मार्च, 2022 को स्थिति |
|---|---|---|---|---|
| | कर के बाद शुद्ध लाभ | रूपये (लाख में) | (400.63) | 834.57 |
| | वर्ष के दौरान भारित औसत अर्द्ध समता अंशों की संख्या | संख्या (लाख में) | 26.84 | 27.02 |
| | प्रति समता अंश का न्यूनतम मूल्य | रूपये | 100 | 100 |
| | प्रति अंश समता मूल आय | रूपये (लाख में) | (14.93) | 30.88 |
| | डायल्यूटेड आय की गणना हेतु प्रयोग किये गए समता अंश | संख्या (लाख में) | 26.97 | 27.09 |
| | प्रति अंश डायल्यूटेड आय | रूपये | (14.85) | 30.80 |

# सहज मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड

टिप्पणियाँ वित्तीय विवरण का ही एक भाग हैं।

**Note 32 :**

वर्ष 31 मार्च, 2023 और 31 मार्च, 2022 के अनुपात इस प्रकार है।

| क्र. सं. | अनुपात | गणना का आधार | 31 मार्च, 2023 | 31 मार्च, 2022 | उतार–चढ़ाव % |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | वर्तमान अनुपात (समय में) | वर्तमान संपत्तियाँ/दायित्व | 1.60 | 1.71 | (6.05) |
| 2. | ऋण इक्विटी अनुपात | अन्यकालिक आधार | 1.11 | 1.02 | 8.68 |
| 3. | कर्ज सेवा कवरेज अनुपात (नीचे नोट A देखें) | ऋण सेवा के लिए उपलब्ध आय | 0.69 | 8.98 | (92.34) |
| 4. | इक्यूटी अनुपात पर वापसी (%) (नीचे नोट B देखें) | कर के बाद शुद्ध लाभ/औसत शेयर धरकों की इक्यूटी | (13.73) | 28.55 | (42.28) |
| 5. | इक्यूटी टर्नओवर अनुपात | संचालन/औसत सूची से राजस्व | 79.29 | 105.25 | (24.67) |
| 6. | व्यापार प्राप्त कारोबार अनुपात | संचालन से राजस्व/औसत व्यापार प्राप्त | 7.35 | 6.57 | 11.86 |
| 7 | व्यापार देय कारोबार अनुपात | संचालन/औसत कार्यशील पूँजी से राजस्व | 23.47 | 23.15 | 1.39 |
| 8. | शुद्ध पूंजी कारोबार अनुपात (समय में) | करों के बाद लाभ/संचालन से राजस्व | 9.45 | 10.13 | (6.73) |
| 9. | शुद्ध लाभ अनुपात (%) | ब्याज और कर से पहले की कमाई | (0.49) | 1.01 | (1.50) |
| 10. | नियोजित पूंजी पर रिटर्न | लाभांश आय/औसत निवेश | (0.01) | 7.03 | (7.04) |
| 11. | कम्पनी द्वारा कोई निवेश नहीं किया है। | लाभांश आय/औसत निवेश | – | – | – |

**स्पष्टीकरण :–**

1. कुल ऋण = अल्पकालिक उधार
2. ऋण चुकता करने के लिए उपलब्ध आय = टैक्स पूर्व लाख + ह्रास और ऋण मुक्त व्यय + वित्तीय लागत
3. ऋण सेवा = वित्तीय लागत
4. औसतन अंशधारक इक्विटी = (प्रारम्भिक अंशधारक फण्ड + अन्तिम अंशधारक फण्ड) / 2
5. औसतन स्टॉक = (प्रारम्भिक रहतिया + अन्तिम रहतिया) / 2
6. औसतन व्यापारिक प्राप्य = (प्रारम्भिक व्यापारिक प्राप्य + अन्तिम व्यापारिक प्राप्य) / 2
7. औसतन व्यापारिक देय = (प्रारम्भिक व्यापारिक देय + अन्तिम व्यापारिक देय) / 2
8. कार्यशील पूंजी = चालू सम्पत्ति – चालू दायित्व
9. औसतन कार्यशील पूँजी = (प्रारम्भिक कार्य पूँजी + अन्तिम कार्य पूँजी) / 2
10. ब्याज व कर से पूर्व प्राप्तियाँ = कर से पूर्व लाभ + वित्तीय लाभ
11. व्यवसाय हेतु आवश्यक मूलधन = अंशधारक इक्विटी + कुल ऋण ± विलिम्बित कर देयता/सम्पत्ति
12. कम्पनी द्वारा कोई भी विनियोजन नहीं किया गया है, अतः यह अनुपात लागू नहीं है।

## सहज मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड

टिप्पणियाँ वित्तीय विवरण का ही एक भाग हैं।

**Notes :**

A. वित्तीय वर्ष के दौरान, ऋण सेवा के लिये उपलब्ध आय में रू. 1,421.44 लाख की कमी और ऋण सेवा यानि वित्तीय लागत में रू. 231.16 लाख की वृद्धि हुई है। इसके परिणामस्वरूप ऋण सेवा कवरेज अनुपात में कमी हुयी है।

B. चालू वर्ष के दौरान, पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में शुद्ध लाभ 1,235.20 लाख रूपये कम हो गया। इसके परिणामस्वरूप इक्विटी अनुपात का रिटर्न भी कम हो गया है।

**Note 33 :**

**सम्बन्धित पक्ष प्रकटीकरण :-**

**(a). सम्बन्धित पक्ष का नाम एवं सम्बन्ध का स्वरूप**

| सम्बन्ध का स्वरूप (Nature of Relationship) | सदस्य का नाम (Name of Person) | सम्बन्ध |
|---|---|---|
| मुख्य प्रबंधक अधिकारी (के.एम.पी.) | बसन्त चौधरी | मुख्य कार्यकारी |

**(b). उपरोक्त सम्बन्धित पक्ष से वर्ष के दौरान लेन-देन की मात्रा एवं स्वरूप का विवरण निम्न है।**

| Nature of Transactions | (Rupees) KMP |
|---|---|
| प्रवंधक पारिश्रमिक | |
| बसन्त चौधरी | 39.92<br>(35.29) |

(ब्रैकेट में आँकड़ें पिछले वर्ष संख्याओं का प्रतिनिधित्व करते है) (राशि ₹ लाख में)

**Note 34 :** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम श्रेणी उद्योग विकास अधिनियम 2006 की धारा 22 के तहत पंजीकरण आवश्यक है –

| विवरण | 31 मार्च, 2023 को स्थिति | 31 मार्च, 2022 को स्थिति |
|---|---|---|
| **(i)** लेखा वर्ष के अन्त तक किसी भी आपूर्तिकर्ता को बकाया मूल राशि का भुगतान नहीं किया गया है। | 108.48 | 149.61 |
| **(ii)** लेखा वर्ष के अंत में किसी भी आपूर्तिकर्ता को उस पर देय ब्याज का भुगतान न किया गया हो। | – | – |
| **(iii)** नियत दिन के बाद आपूर्तिकर्ता को किये गये भुगतान की राशि के साथ भुगतान की गयी ब्याज की राशि। | – | – |
| **(iv)** वर्ष के लिये देय और देय ब्याज की राशि। | – | – |
| **(v)** लेखा वर्ष के अंत में अर्जित और बकाया ब्याज की राशि। | – | – |
| **(vi)** आगामी वर्ष में भी देय और देय ब्याज की राशि उस तारीख तक भुगतान नहीं किया जायेगा जब तक उसका ब्याज बकाया रहेगा। | – | – |

# सहज मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड

**टिप्पणियाँ वित्तीय विवरण का ही एक भाग हैं।**

प्रबंधक के पास उपलब्ध जानकारी के अनुसार, आपूर्तिकर्ताओं से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम श्रेणी उद्योग अनिधिनम, 2006 (MSMED Act) के सम्बन्ध में प्राप्त सूचना के आधार पर कोई भी आपूर्तकर्ता सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम श्रेणी उद्योग विकास अधिनियम, 2006 के अंतर्गत पंजीकृत नहीं है, इसलिए उक्त अधिनियम के तहत कंपनी की कोई भी बकाया नहीं है।

**Note 35 :**

